Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 118 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



दो दिल का अस्त या एकमेव रूप हो जाने का नाम दोस्त है।

Decline two hearts or their inification is named as friend.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रगतिरत् कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश**



**● मुख्यमंत्री ने सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत् बजट की राशि 50 से बढ़ाकर 75 करोड़ की**

**● मयाली में पर्यटन को बढ़ावा देने 10 करोड़ की राशि देने की घोषणा की**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जशुपर जिले के मयाली में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक ली। प्राधिकरण के सदस्यगणों तथा प्रमुख विभागों के सचिवों के उपस्थित में मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण अंतर्गत् स्वीकृत कार्यो की समीक्षा की और निर्देशित किया कि अप्रारंभ कार्यो को निरस्त कर प्रगतिरत् कार्यो को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण के सदस्यों से वन-टू-वन चर्चा कर उनके क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं और मांगों की जानकारी लेते हुए प्रस्ताव देने की अपील की। उन्होंने बैठक में सदस्यों द्वारा बताई गई समस्याओं का संबंधित विभाग के माध्यम से निराकरण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विधायक श्रीमती रेणुका सिंह की मांग पर सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बजट राशि को 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ करने की घोषणा की। उन्होंने मयाली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 10 करोड़ की राशि देने की घोषणा भी की।

प्राधिकरण की बैठक संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय से ही प्रदेश का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने आदिवासी क्षेत्र में विकास के लिए प्राधिकरण का गठन कर संसाधन उपलब्ध कराए। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में पांच प्राधिकरण है। हमारी सरकार चाहती है कि बस्तर से लेकर सरगुजा क्षेत्र तक का विकास हो। इसके लिए बजट में राशि नहीं होने पर प्राधिकरण के माध्यम से आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। भारत सरकार और राज्य सरकार चाहती है कि प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गो का विकास हो। प्राधिकरण के माध्यम से इन क्षेत्रों में संसाधन की व्यवस्था कर विकास की गति को और आगे बढ़ाया जाएगा। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पीएम जनमन और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य और आदिवासी क्षेत्रों में विकास हेतु बजट का प्रावधान किया है। उनकी इन योजनाओं से राज्य के सभी क्षेत्रों में विकास कार्यो को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री कहा कि उनकी सरकार ने बजट में आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए फोकस किया है। हमारी सरकार बस्तर और सरगुजा संभाग क्षेत्र के विकास के लिए वचनवद्ध होकर कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के मयाली में प्राधिकरण की बैठक को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारी की सरहाना की और कहा कि जशपुर जिले में खनिज संसाधनों का भण्डार होने के साथ ही वन एवं वनोपज की उपलब्धता है। यहॉ के वनोपज, महत्वपूर्ण उत्पादों का वैल्यू एडिशन कर ग्रामीणों एवं किसानों को आगे बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण की बैठक अपने गृह जिले तथा मयाली में करने के पीछे यहॉ के पर्यटन को बढ़ावा देने की बात कहते हुए राजधानी रायपुर से बैठक में शामिल वरिष्ठ अधिकारियों से अपील की कि वे यहॉ के उत्पादों को देखे, इसका उपयोग करे और इन्हें बढ़ावा देने के साथ ही जशपुर जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल को भी बढ़ावा दे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने लुण्ड्रा-बतौली क्षेत्र में गन्ना खरीदी केन्द्र को प्रारंभ करने की मांग का परीक्षण करने, विद्युत विहीन क्षेत्रों में विद्युत पहुंचाने की दिशा में कार्य करने, हाथी से जनहानि रोकने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने, क्षति की राशि को बढ़ाने की दिशा में विचार करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने एकल बत्ती कनेक्शन सहित अन्य लोगों को अधिक बिजली बिल मिलने की शिकायत पर ऊर्जा सचिव रोहित यादव को निर्देशित किया कि बिजली बिल संबंधी शिकायतों का परीक्षण कर निराकरण कराए। उन्होंने खाद्य विभाग के सचिव को जशपुर जिले के कुछ स्थानों पर राशन की कमी संबंधित शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुनकुरी में जल संसाधन संभाग के संभागीय कार्यालय का लोकार्पण रिमोट का बंटन दबाकर किया।

बैठक में उपस्थित उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि सरगुजा और बस्तर क्षेत्र का विकास हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। प्राधिकरण अंतर्गत् आज की बैठक में शामिल होकर मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र की विकास की प्रतिबद्धता और संकल्प को दोहराया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्राधिकरण के माध्यम से सरगुजा संभाग के लोगों की जीवन में परिवर्तन लाकर उनके जीवन को सुलभ बनाने का काम हमारी सरकार करेगी।

## वायनाड के लिए प्रियंका से बेहतर प्रतिनिधि कोई नहीं : राहुल गांधी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के समर्थन में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि मैं वायनाड से बहन प्रियंका गांधी से बेहतर प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकता हूं।

खास बात यह है कि राहुल गांधी ने प्रियंका गांधी के वायनाड से नामांकन के एक दिन पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। प्रियंका गांधी केरल की वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर भी शेयर किया है, जिसमें वह बहन प्रियंका गांधी के साथ नजर आ रहे हैं।

## पीएम मोदी ने पुतिन के सामने किया रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र, कहा- समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से हो



**कजान (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को रूस के कजान शहर में हो रहे 16वें ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने एक बार फिर से रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र किया।

उन्होंने रूस के राष्ट्रपति के समक्ष कहा कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से ही होना चाहिए। शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली का हम पूरी तरह समर्थन करते हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन का शानदार स्वागत करने के लिए आभार भी व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं आपकी मित्रता और गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं, मेरे लिए खुशी की बात है कि ब्रिक्स समिट के लिए कजान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिला है। इस शहर के साथ भारत के गहरे और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। कजान में भारत के नए कांसुलेट खुलने से ये संबंध और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीने में मेरा दो बार रूस आना हमारे करीबी समन्वय और गहरी मित्रता को दर्शाता है। जुलाई में मॉस्को में हुई हमारी एनुअल समिट से हर क्षेत्र को बल मिला है। पिछले एक वर्ष में ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए मैं आपको बधाई देता हूं। 15 वर्षों में इसने अपनी एक अलग पहचान बनाई है और अब विश्व के अनेक देश इससे जुड़ना चाहते हैं।

## रायपुर दक्षिण उपचुनाव : कांग्रेस ने आकाश शर्मा को बनाया अपना उम्मीदवार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट में बीजेपी और कांग्रेस ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट से मंगलवार को कांग्रेस ने भी अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। कांग्रेस ने युवा नेता आकाश शर्मा को टिकट दिया है। आकाश शर्मा का मुकाबला बीजेपी के सुनील सोनी से है। सुनील सोनी रायपुर के मेयर रह चुके हैं और रायपुर लोकसभा सीट से सांसद भी रह चुके हैं। आकाश पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। आकाश शर्मा छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वो सात साल तक एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव 2023 में भी अपनी दावेदारी पेश की थी। साल 2018 और साल 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में टिकट मांगी थी। उस दौरान आकाश शर्मा को पार्टी ने टिकट नहीं दिया। इस बार कांग्रेस ने उन पर भरोसा जताया है।



ज्ञात हो आकाश शर्मा ब्राम्हण वर्ग से आते हैं। रायपुर दक्षिण में ब्राम्हण वोटर्स की अच्छी तादात है। ऐसे में युवा चेहरे पर दांव लगाया गया है। रायपुर दक्षिण में विधानसभा में कुल 2,59,948 मतदाता हैं। इनमें से पुरुष मतदाता 1,29,093 और महिला मतदाताओं की संख्या 1,30,804 है। आकाश शर्मा की टिकट फाइनल होने से पहले कांग्रेस नेता प्रमोद दुबे ने नामांकन फॉर्म खरीद लिया था। हालांकि प्रमोद शर्मा ने कहा था कि पार्टी उन्हें टिकट देती है तो वह नामांकन दाखिल करेंगे। अब आकाश को टिकट मिला है ऐसे में यह देखना होगा कि कांग्रेस इस सीट पर बगावत को रोकने में सफल हो पाती है या फिर नहीं। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन की शुरुआत 18 अक्टूबर से शुरू हो गई है। नामांकन की प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक चलेगी। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे और 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके बाद 23 नवंबर को वोटों की गिनती और नतीजों की घोषणा होगी। रायपुर दक्षिण सीट पर अब तक तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है. बीते 21 अक्टूबर को शबिस्ता खान, सुषमा अग्रवाल और महेंद्र कुमार बाघ ने पर्चा दाखिल किया है।

## एलएसी पेट्रोलिंग समझौता लागू करने के लिए भारत के साथ मिलकर करेंगे काम : चीन

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग व्यवस्था को लेकर नई दिल्ली और बीजिंग के बीच हुए समझौते की पुष्टि की। समझौते पर बीजिंग की पुष्टि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के 16वें ब्रिक्स नेताओं की बैठक में भाग लेने के लिए कजान रवाना होने के ठीक बाद आई। इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भाग ले रहे हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मंगलवार को कहा, पिछले कुछ हफ्तों से चीन और भारत कूटनीतिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से चीन-भारत सीमा से संबंधित मुद्दों पर निकट संपर्क में हैं। अब दोनों पक्ष प्रासंगिक मामलों पर एक समाधान पर पहुंच गए हैं, जिसकी चीन बहुत प्रशंसा करता है। चीन इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करेगा। इससे पहले सोमवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने भी लगभग ऐसा ही बयान जारी किया। उन्होंने नई दिल्ली में कहा, पिछले कई हफ्तों में, भारतीय और चीनी राजनयिक और सैन्य वार्ताकार विभिन्न मंचों पर एक-दूसरे के साथ निकट संपर्क में हैं।

## युवाओं में सेवा और मानवता की भावना जागृत करना है, जिससे वे समाज की बेहतरी में योगदान दे सकें : राज्यपाल श्री डेका

**राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण सह सदभावना शिविर के समापन समारोह में हुए शामिल राज्यपाल**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका आज भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल श्री डेका ने छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट 2024 कार्यक्रम के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने रेडक्रास के इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम का हिस्सा बनने वाले युवा स्वयंसेवकों के समर्पण और सेवा भावना को नमन किया जो देश के भविष्य हैं और समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को समझते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रॉस न केवल आप सभी को चिकित्सा सेवाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में मदद करने के गुर सिखाता है, बल्कि यह मानवता के प्रति आपकी संवेदनशीलता और सेवा भावना को भी प्रबल करता है। यह प्रशिक्षण शिविर आपको न केवल कौशल प्रदान करेगा, बल्कि जीवन के उन आदर्शों को भी सिखाएगा, जिनसे समाज में शांति, सद्भावना और एकता को बढ़ावा मिलता है। आज, पूरी दुनिया विभिन्न चुनौतियों से जूझ रही है।

राज्यपाल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और भारतीय रेडक्रॉस समिति दुर्ग को इस सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ओवर ऑल बेहतर प्रदर्शन के लिए दुर्ग जिले को प्रथम एवं बालोद जिले को द्वितीय स्थान मिला।

## दिवाली से पहले मिलेगा छत्तीसगढ़ के अधिकारी व कर्मचारियों को वेतन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मानसेवियों को दीवाली से पहले वेतन का भुगतान किया जाएगा। इस आशय का आदेश छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग द्वारा आज जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार अक्टूबर 2024 के वेतन और मजदूरी के भुगतान 28 अक्टूबर 2024 से करने के निर्देश दिए गए है, ताकि अधिकारियों-कर्मचारियों को दीवाली के त्यौहार से पूर्व वेतन मिल सके और वह अच्छे से त्यौहारे मना सके। वित्त विभाग द्वारा आदेश के अनुसार व्यावसायिक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों को पारिश्रमिक, मजदूरी, और मानदेय का भुगतान भी 28 अक्टूबर से किया जाएगा। राज्य के निगम, मंडल, प्राधिकरण, विश्वविद्यालय, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक उपक्रम और अन्य संस्थानों को भी अपनी वित्तीय स्थिति के अनुसार 28 अक्टूबर से भुगतान के संबंध में विचार करने को कहा गया है।

## जल संरक्षण : मासुलपानी पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर मिला द्वितीय पुरस्कार

**नई दिल्ली में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में केंद्रीय जलमंत्री सीआर पाटिल ने किया पुरस्कृत**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए कांकेर जिले की ग्राम पंचायत मासुलपानी को 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में श्रेष्ठ पंचायत की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय जलमंत्री श्री सीआर पाटिल द्वारा ग्राम पंचायत मासुलपानी की सरपंच श्रीमती रमिया नेताम को पुरस्कृत किया।

गौरतलब है कि जल संरक्षण के क्षेत्र में मासुलपानी पंचायत ने उल्लेखनीय कार्य किया है। इस ग्राम पंचायत में 161 जल शेड संरचनाएं बनाई गई हैं, जिनमें 99 फार्म तालाब शामिल हैं। इसके अलावा, वर्ष 2023 के दौरान पंचायत द्वारा 39 नंबर ब्रशवुड, एक सामुदायिक तालाब डी-सिल्टिंग, 02 कुएं, 02 भूमिगत बांध, 03 गेबियन और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके चलते लोगों ने सिंचाई के लिए सतही जल का उपयोग करना शुरू कर दिया है। जल संरक्षण और इसके समुचित उपयोग की दिशा में इस नवाचार के लिए मासुलपानी ग्राम पंचायत को पुरस्कृत किया गया है।

## रायपुर दक्षिण की जनता का ऋणी हूं, मरते दम तक काम आऊंगा : सांसद बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। एकात्म परिसर में आयोजित इस बैठक में बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि, यह उपचुनाव हमारी प्रतिष्ठा का प्रश्न है। सभी कार्यकर्ताओं को तन, मन धन से परिश्रम की पराकाष्ठा करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक बार फिर से अपनी पूरी ताकत के साथ उपचुनाव में पार्टी को जिताने के संकल्प के साथ उतरने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि, दक्षिण के सम्मानित कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के प्यार, स्नेह और ङ्क आशीर्वाद ने उन्हें 8 बार विधानसभा और नौवीं बार लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाई। जिसके लिए मैं दक्षिण की जनता का ऋणी हूं, जब तक जिंदा रहूंगा तब तक क्षेत्र की जनता के काम आऊंगा। जनता को यही प्यार और आशीर्वाद इस बार पार्टी प्रत्याशी श्री सुनील सोनी को देकर पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया इतिहास रचना है। हम सब पार्टी के कार्यकर्ता हैं और उसके मान सम्मान के लिए हमको कार्य करना है। पार्टी के प्रत्याशी को जीताना हम सभी का कर्तव्य है हमको क्षेत्र में पुन: कमल खिलाना है। उसके लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें। मंडल स्तर, बूथ स्तर और शक्ति केंद्र स्तर पर कार्य योजना बनाकर जनता के बीच पहुंचे और पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखें। दिवाली और छठ पूजा में बहुत से लोग बाहर चले जाते है, उनको वापस बुलाना और ज्यादा से ज्यादा लोग मताधिकार का प्रयोग करें यह भी कार्यकर्ताओं को सुनिश्चित करना है। इस चुनाव में रायपुर उत्तर, पश्चिम और ग्रामीण विधानसभा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी दक्षिण में प्रचार करेंगे। सभी मंडल अध्यक्षों, महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को कार्य योजना बनाकर काम करने की जरूरत है जिसके लिए मंगलवार को मंडल की बैठक भी ली जाएगी।

## पंजाब विधानसभा उपचुनाव : बीजेपी ने तीन सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब में विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। चुनावों के लेकर भाजपा ने तीन सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। डेरा बाबा नानक सीट से सरदार रविकरण कहलों, गिद्दड़बाहा से सरदार मनप्रीत बादल और बरनाला से सरदार केवल सिंह ढिल्लों को मैदान में उतारा है।

ज्ञात हो कि मनप्रीत बादल पहले अकाली दल में थे। वह अकाली दल-भाजपा गठबंधन और कांग्रेस की सरकार में वित्तमंत्री रह चुके हैं। इसके बाद उन्होंने भाजपा जॉइन की थी। वहीं रविकरण काहलों भी अकाली दल से भाजपा में आए हैं। बरनाला से उम्मीदवार केवल ढिल्लों कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे।

## जिन्दल पैंथर सीमेंट की बड़ी छलांग, 15 लाख टन क्षमता के साथ ग्रीन सीमेंट क्रांति की शुरुआत

**ओडिशा के अंगुल में सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट शुरू, जेपीसी डिकार्बोनाइजेशन के लिए प्रतिबद्ध**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जिन्दल समूह के एक अभिन्न अंग, जिन्दल पैंथर सीमेंट (जेपीसी) ने ओडिशा के अंगुल में अपनी पहली सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट शुरू कर एक बड़ी छलांग लगाई है। 15 लाख टन प्रतिवर्ष (1.5 एम.टी.पी.ए.) क्षमता की यह अत्याधुनिक यूनिट श्री नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के अंगुल इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट से निकलने वाले लगभग 10 लाख टन (1 एम.टी.पी.ए.) ब्लास्ट फर्नेस स्लैग का इस्तेमाल सीमेंट बनाने में करेगी। बड़ी बात यह है कि पूरे सीमेंट उद्योग जगत में सबसे कम क्लिंकर का उपयोग कर यह यूनिट न्यूनतम कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ेगी, जो जिन्दल समूह की एक बड़ी योजना का हिस्सा और उसकी प्रतिबद्धता है।

**ग्रीन सीमेंट की दिशा में अग्रसर :** जिन्दल पैंथर सीमेंट की अंगुल ग्राइंडिंग यूनिट का उद्देश्य मध्य और पूर्वी भारत के उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करते हुए उच्च गुणवत्ता वाला पोर्टलैंड स्लैग और कंपोजिट सीमेंट बनाना है। खास बात यह है कि जेएसपी में स्टील उत्पादन प्रक्रिया से निकले अपशिष्ट (वेस्टेज) का पुन: उपयोग करके जिन्दल पैंथर सीमेंट कार्बन फुटप्रिंट घटाने और दीर्घकालिक औद्योगिक प्रथाओं को स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण काम कर रहा है। आने वाले समय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जेपीसी जिस तरह आगे बढ़ रहा है, वह जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के बड़े पैमाने पर कार्बन फुटप्रिंट घटाने के उद्देश्यों से मेल खाता है, जो पूरे समूह को एक हरित एवं स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में अग्रसर करेगा।

JINDAL PANTHER® CEMENT

**मुख्य बिंदु...**

- सीमेंट उत्पादन के लिए अंगुल स्टील प्लांट स्थित ब्लास्ट फर्नेस से निकलने वाले 10 लाख टन स्लैग का इस्तेमाल किया जाएगा
- जेएसपी की स्टील मार्केटिंग टीम के साथ मिलकर बाजार में सीमेंट वितरण की योजना
- एक ही स्थान पर समस्त निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की सराहनीय पहल

**भविष्य की योजनाएं :** जिन्दल पैंथर सीमेंट ने अब अंगुल और रायगढ़ यूनिटों में उत्पादन क्षमता को 70 लाख टन प्रतिवर्ष (7 एम.टी.पी.ए.) तक बढ़ाने की योजना बनाई है, जिसमें 2160 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह विस्तार क्षेत्र में बुनियादी ढांचा निर्माण के लिए बढ़ती विश्वसनीय सामग्रियों की आसान उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ-साथ सीमेंट उद्योग में कंपनी की उपस्थिति को और मजबूत करेगा।

पूर्वी भारत का पहला वन-स्टॉप शॉप (एक ही स्थान पर समस्त निर्माण सामग्री) बनने की दिशा में अग्रसर जेपीसी का सीमेंट और जेएसपी का रीबार (सरिया) प्रसिद्ध 'जिंदल पैंथर' ब्रांड के अंतर्गत संयुक्त रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। इसका उद्देश्य अपना घर बनाने का सपना देख रहे एक-एक व्यक्ति को एक ही स्थान पर स्टील और सीमेंट उपलब्ध कराकर एक सरल समाधान प्रदान करना है। इस सुव्यवस्थित प्रक्रिया से ग्राहकों को गुणवत्ता, सुविधा और प्रतिस्पर्धी दरों का लाभ मिलेगा। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, जेपीसी के सीईओ श्री रोहित वोहरा ने कहा, अंगुल ग्राइंडिंग यूनिट शुरू होना एक बेहतरीन भविष्य निर्माण की दिशा में हमारा एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नगर स्तरीय विजयादशमी उत्सव आयोजित

### स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का किया स्वागत



**कोरबा(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कोरबा नगर स्तरीय विजयादशमी उत्सव रविवार को बालको नगर के डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित हुआ। निर्धारित समय पर एकत्रीकरण और ध्वज आरोहण के साथ पथ संचलन निकाला गया। नगरीय क्षेत्र के 1100 स्वयंसेवक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्साहित मातृशक्ति सहित स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया और अपने सरोकार दिखाए। वार्षिक कार्यक्रम की श्रृंखला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी उत्सव गरिमामय स्वरूप में आयोजित किया। स्पोर्ट्स कंपलेक्स से घोष दल के साथ 8 वाहिनियों में पथ संचलन दोपहर 3 बजे शुरू हुआ। ध्वज वाहिनी के साथ ध्वज रक्षक और उसके पीछे घोष दल व विभिन्न क्षेत्रों के स्वयंसेवक शामिल हुए। बालको नगर के गायत्री मंदिर मार्ग, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर 5 , मुख्य मार्ग होते हुए पथ संचलन पूर्ण हुआ। अनुशासित व्यवस्था के साथ किए गए पथ संचलन का इन मार्गों पर अनेक स्थान पर मातृशक्ति और बालकों के वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से पुष्प वर्षा कर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। बालकोनगर में इस तरह का यह पहला बड़ा कार्यक्रम रहा जिसने लोगों को अपनी तरफ आकर्षित किया। संचालन के निर्धारित मार्ग पर स्वयंसेवकों व स्थानिय पुलिस के द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था की गई। विजयादशमी उत्सव के अंतर्गत स्वयंसेवकों के समूह ने स्टेडियम परिसर में सामूहिक योग अभ्यास, आसन, यष्टि, पद विन्यास, और घोष के प्रयोग की शानदार प्रस्तुति की। कार्यक्रम के मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक सत्येंद्र दुबे, जिला संचालक डॉक्टर विशाल उपाध्याय, नगर संघ चालक अशोक तिवारी, जिला कार्यवाह कैलाश नाहक , नगर कार्यवाह मृगेश यादव एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष में प्रवेश कर चुका है। 99 वर्ष पहले छोटी सी धारा के रूप में इसका शुभारंभ हुआ था। 1925 में संघ की स्थापना हुई रही होगी तो उस समय का वातावरण कैसा रहा ,इसकी स्थापना करने का विचार डॉक्टर केशव बलीराम के मन में कैसे आया। संघ के विस्तार को देख उनकी आत्मा भी प्रसन्न हो रही होगी। कौशलेंद्र ने स्वाधीनता संग्राम में योद्धाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि गजनवी की सेना को परास्त करने ने डेढ़ सौ लोगों ने शौर्य दिखाया। यह संसार की अद्भुत घटना थी, जिसके बारे में योद्धाओं का कहना था कि हमने जोखिम के साथ निर्णय लिया ताकि आने वाली पीढ़ी हमे कायर ना कहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रकार की चुनौतियां हमारे राष्ट्र के सामने बनी हुई है।। इनका सामना करने के लिए तंत्र अपना काम कर रहा है लेकिन राष्ट्रनिष्ठ होने के नाते देश के नागरिकों का दायित्व बनता है कि वह हर स्तर पर अपनी मातृभूमि की रक्षा करने के लिए यथासंभव प्रयत्न करें। लोगों की छोटी-छोटी भूमिका राष्ट्र को समुन्नत और बलवान बनाने के लिए सहायक साबित होगी। मुख्य अतिथि राहुल सेठिया ने सारगर्भित विचार रखते हुए विजयादशमी की प्रासंगिकता को स्पष्ट किया। साथ मे यह भी कहा कि किसी भी राष्ट्र को प्रगति पथ पर ले जाने के लिए उसके लोगों को निष्ठावान बनना होगा।

# जिले में धान उपार्जन को लेकर राज्य शासन के नियमों को करें सख्ती से लागू: कलेक्टर व्यास

### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )** -कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री व्यास ने 15 नवंबर से शुरू होने वाले धान उपार्जन की तैयारी को लेकर भी सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। सभी खरीदी केंद्रों में आवश्यक सभी तैयारियां पूरी करने के साथ साथ धान की अवैध खपत को रोकने के लिए हर संभव उपाय करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने राज्य शासन के द्वारा जारी निर्देशानुसार धान उपार्जन में सभी नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा। उन्होंने जिले के अंतर्राज्यीय सीमा सहित विभिन्न स्थलों पर चेक पोस्ट निर्माण कर नियमित मॉनिटरिंग करने, किसानों का रकबा सत्यापन की कार्यवाही निरीक्षण दल द्वारा सख्ती से किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने धान उपार्जन में राजस्व अधिकारी, पटवारी एवं कोटवार द्वारा नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कामकाजों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए आमजनों के सभी समस्याओं एवं विभिन्न प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में भूमि अधिग्रहण, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, बंदोबस्त, खसरा एवं नक्शा त्रुटि सुधार, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति आदि की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री व्यास ने बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

## महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत मिशन शक्ति अंतर्गत त्रैमासिक बैठक का किया गया आयोजन

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्री रोहित व्यास की अध्यकक्षता में मिशन शक्ति अंतर्गत जिला स्तरीय मिशन शक्ति समिति / जिला स्तरीय टास्क फ़ोर्स समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। मिशन शक्ति अंतर्गत महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई जिसके अंतर्गत गर्भवती माताओं के लिए संचालित योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य को स्वास्थ्य विभाग से समन्वय करने एवं पंडो ग्रामों में आयोजित शिविरो में शत् प्रतिशत हितग्राहियो को लाभान्वित करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत स्कूलो, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतो आदि में महिलाओं के सशक्तिकारण हेतु जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने एवं जिले में शाला त्यागी 290 बालिकाओं को शाला प्रवेश के साथ रोजगार उन्नमुखीकरण से जोड़े जाने हेतु निर्देशित किया गया. सखी वन स्टॉप सेंटर में कुल प्रकरणों एवं नवीन भवन के सम्बन्ध में चर्चा की गई। शासकीय सेवकों के बच्चों हेतु कलेक्ट्रेट में नवीन पालना केंद्र खोले जाने हेतु कलेक्ट्रेट में स्थल चिन्हकित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया और जल्द से जल्द पालना केंद्र खोले जाने के निर्देश दिए गए। सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में 1339 खाते खोले गए है इसे और अधिक कर शत प्रतिशत बालिकाओं का खाता खोलने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला चिकित्सा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण विभाग, उप संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, परियोजना अधिकारी सूरजपुर, पर्यवेक्षक सूरजपुर एवं आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सूरजपुर उपस्थित रहे.

## रेत तस्करी का कारोबार धड़ल्ले से जारी, अंकुश आखिर कब

**कोरबा(विश्व परिवार)।** रेत तस्करी का कारोबार धड़ल्ले से जारी है . इस कारोबार पर अंकुश लगाने का दावा तो किया जाता है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। जो काम चोरी चुपके से होता था अब उसे समूह में किया जा रहा है। कारण चाहै जो भी हो, रेत चोरों का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है ।कोरबा जिले के बाकी मोगरा क्षेत्र में रेत तस्कर खुलेआम अपना कारोबार कर रहे हैं। गजरा घाट से रेत की अवैध निकासी हो रही है। रेत खनन और परिवहन को लेकर भले ही सरकार के द्वारा नियम कानून बनाए गए हैं लेकिन हर किसी को इसका पालन करना बिल्कुल जरूरी नहीं। और यही कारण है कि कोरबा जिले में हसदेव नदी इस प्रकार के गलत कार्यों के लिए सबसे बड़ा माध्यम बनी हुई है। बताया गया कि सुबह से लेकर देर रात तक रेत चोरी का यह कारोबार चलता है। ट्रैक्टर चालक और मालिक रेत चोरी के लिए बहती नदी से रेत निकालने के लिए एक ट्रैक्टर से दूसरे ट्रैक्टर को टोचन कर उसे पानी से निकालते कभी भी देखे जा सकते हैं। चोरी का यह कारोबार खुलेआम चल रहा है।

# शिक्षक मोर्चा की प्रांत व्यापी हड़ताल से कई शालाओं में होगी ताला बंदी




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- शिक्षक एल बी संवर्ग पूरे प्रदेश में वेतन विसंगति, पूर्व सेवा गणना सहित अन्य मांगो को लेकर आंदोलन का शंखनाद कर दिया है सभी जिला में ज्ञापन देने के बाद अब चौबीस अक्टूबर को अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में अपनी मांगो के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर रैली करेंगे ।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश उपसंचालक रंजय सिंह,अजय प्रताप सिंह, मुकेश मुदलियार ने बताया कि प्रदेश के शिक्षकों ने शिक्षक संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए 24 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश लेकर प्रांतव्यापी जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन में सम्मलित होने जा रहे हैं। इसके लिए समस्त जिलों में तैयारियां कर ली गई है। यह संविलियन आंदोलन के बाद पहला बड़ा प्रदर्शन होगा जिसमें एल बी संवर्ग के सभी सहायक शिक्षक, विज्ञान सहायक, प्रधानपाठक (प्राथमिक/माध्यमिक), संकुल समन्वयक,शिक्षक, लाइब्रेरियन, व्याख्याता, प्रभारी प्राचार्य सम्मलित हो रहे हैं ।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक भूपेश सिंह, यादवेंद्र दुबे, विजय साहू ने बताया कि प्रदेश के शिक्षक अपनी लड़ाई शिक्षक मोर्चा के नेतृत्व में लड़ रहे है यह वही नेतृत्व है जिसने शासकीय शिक्षक बनने तक का संघर्ष किया है। 500 रुपये की तनख्वाह से सातवे वेतनमान दिलाने तक संघर्ष किया है। यह वही नेतृत्व है जिसने बिना विभाग के कर्मचारी होने के तमगा से शासकीय शिक्षक के गौरव प्राप्त करने का अवसर दिया है,आगे भी इसी के नेतृत्व में हमारी मांगे पूर्ण होगी ।

इन्होंने बताया कि सभी शिक्षक जल्द अवकाश का आवेदन देकर आंदोलन में शामिल हो एवं अपनी मांग प्रमुखता से बुलंद करें।शिक्षक मोर्चा की प्रमुख मांग निम्न है - मोदी की गारंटी में वर्णित वेतन विसंगति दूर करने के दावे को सरकार को याद दिलाने हेतु

संविलियन पूर्व सेवा गणना कर पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति व समयमान का लाभ प्राप्त करने की मांग ह क्रमोन्नति हेतु हाईकोर्ट के निर्णय आधार प्रथम नियुक्ति के आधार पर शिक्षक स्क्र संवर्ग के क्रमोन्नति पात्र समस्त शिक्षकों के लिए जनरल आदेश जारी करने की मांग ,केंद्र के बराबर देय तिथि से महंगाई भत्ता प्रदाय करते हुए लंबित एरियर्स राशि की मांग करने आदि मांगे शामिल है।

# पी.आई.सी. की बैठक में अनुशासनहिन कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबन का प्रस्ताव पारित

### महुआपारा का हुआ नामकरण

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- गत 21 अक्टूबर को नगरपालिका अध्यक्ष के.के. अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रेसीडेन्ट-इन-काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारी, कर्मचारियों की अनुशासन हिनता पर असंतोष व्यक्त करते हुए निकाय के संबंधित कर्मचारियों को निलंबित करने और विभिन्न वार्डों में चिल्डेऊन पार्क बनाने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया।

इस संबंध में पी.आई.सी. प्रमुख नगरपालिका अध्यक्ष के.के अग्रवाल ने बताया कि टेनसाइल स्ट्रक्चर के शुभारंभ कार्यक्रम हेतु आयोजित हवन पूजन में विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारियों की अनुपस्थिति को मनमानी एवं अनुशासन हिनता मानते हुए उनके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं निर्धारित ऐजेण्डे पर विस्तृत चर्चा कर निर्णय पारित किये गये। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष के.के अग्रवाल के अलावा पी.आई.सी. सदस्य मंजूलता गोयल, उपाध्यक्ष रितेश गुप्ता, संजय डोसी, बिरेन्द्र बंसल, गैबीनाथ साहू, पुष्पलता साहू, अजय सोनवानी व प्रभारी अधिकारी एम.एल. गहरवरिया मौजूद रहे। पम्पापुर चौक का नाम होगा माता समलाई चौक और महुआपारा का नया नाम होगा मां शितला नगर बैठक में पम्पापुर बड़कापारा चौक का नाम समलाई माता के नाम से माता समलाई चौक और महुआपारा मोहल्ले का नाम मां शितला नगर रखने के प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित किया गया। इससे पूर्व अग्रसेन वार्ड में भट्ठापारा का नाम बदलकर भाग्य नगर, तुरियापारा का नाम बदलकर प्रगति नगर एवं कब्रिस्तान पारा का नाम बदलकर कृष्णकुंज नगर किया गया था।



**सभी 18 वार्डों में बनेंगे चिल्ड्रन गार्डन**- पी.आई.सी. की बैठक में सभी पार्षदों की मांग पर जिन वार्डों में भूमि की उपलब्धता होगी उन वार्डों में चिल्ड्रेन मिनी पार्क बनाकर उसमें बच्चों के मनोरंजन के साधन विकसित करने का निर्णय सर्व सम्मति से पारित किया गया।

**सरना देव परिसर का होगा कायाकल्प** - नगर के वार्ड क्र0-02 महगंवा स्थित सरना स्थल के कायाकल्प का प्रस्ताव पारित किया गया है। सरना देव परिसर के विकास एवं उन्नयन हेतु 34.00 लाख का प्रावधान करते हुए स्थानीय संस्कृति को विकसित करने का निर्णय लिया गया है।

**अग्रसेन वार्ड में बनेगी विश्वनाथ वाटिका** - नगर के अग्रसेन वार्ड स्थित स्टेडियम से लगे शिव मंदिर परिसर में विश्वनाथ वाटिका विकसित करने का निर्णय लिया गया है। वाटिका में बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले इत्यादि उपकरण लगाये जायेगें। जिसके लिए अध्यक्ष निधि से वांछित राशि का प्रावधान किया गया है।

**सुभाष चौक काम्प्लेक्स में बनेगा कल्चरल शेड**- मेनरोड स्थित सुभाष चौक काम्प्लेक्स के मंदिर के समीप रिक्त भूमि पर होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक व व्यवसायिक कार्यक्रमों के दृष्टि से वरिष्ठ नागरिक संघ की मांग का समर्थन करते हुए कल्चरल शेड का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार पी.आई.सी. की बैठक में अब तक लिए गये विभिन्न निर्णयों एवं पारित किये गये प्रस्तावों की समीक्षा की गई और पारित प्रस्तावों का क्रियान्वयन न करने पर कलेक्टर के माध्यम से क्रियान्वयन कराने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया।

**लेखापाल का प्रभार बदलने का प्रस्ताव**- पी.आई.सी. की बैठक में पदस्थ लेखापाल के स्वास्थ्यगत कारणों से लगातार अनुपस्थित रहने की स्थिति पर चर्चा की गई। अनुपस्थिति के कारण लेखापाल का कार्य अपात्र एवं अनाधिकृत कर्मचारियों से कराये जाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए लेखापाल का कार्य का प्रभार लंबित देयकों के भुगतान से पूर्व राजस्व प्रभारी एवं पूर्व नगरपालिका अधिकारी एम.एल. गहरवरिया को प्रदान करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के ऐजेण्डे में शामिल 20 विषयों के साथ ही 06 अतिरिक्त विषयों पर भी चर्चा की गई और निर्णय पारित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यवसायिक पाठयक्रम रिटेल के छात्राओं के दौरा अद्योगिक भ्रमण




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम रिटेल में अध्ययनरत 80 छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं हुनरमंद बनाने के उद्देश्य से कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं को विशाल मेगा मार्ट अंबिकापुर में औद्योगिक भ्रमण कराया गया । मॉल के मैनेजर के द्वारा रिटेल मार्केटिंग में उपयोग आने वाले सामग्री के बारे मे छात्राओं को विस्तार से समझाया गया। भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती के. मिनी प्रसन्ना के मार्गदर्शन में रिटेल के व्यवसायिक प्रशिक्षक थालेश्वर राजवाड़े के द्वारा आए दिन आयोजित किए जाते रहते हैं । छात्राओं ने बताया कि उन्हें इस प्रकार के भ्रमण से अध्ययन में बहुत ही सुविधा प्राप्त होती है एवं नई-नई चीजें एवं तकनीक की जानकारी प्राप्त होती है। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से विभिन्न क्षेत्रों में जाने हेतु अनुभव प्राप्त होता है।

### स्वयं सेवी संस्था श्रद्धा महिला मंडल ने जरूरतमन्द बच्चों के बीच एक्वागार्ड सहित पठन पाठन सामग्री का किया वितरण

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-आजाद ग्राउंड आंगनबाड़ी केंद्र विश्रामपुर में अति जरूरत मंद गरीब बच्चों के बीच स्वयं सेवी संस्था श्रद्धा महिला मंडल ने जरुरत मंद बच्चों के बीच कॉपी,पेंसिल,रबर,स्केल,कंपास बॉक्स, स्कूल बैग,गरम स्वेटर और स्वच्छ पानी पीने के लिए एक्वागार्ड प्रदान किया साथ ही 30 फूड पैकेटों का वितरण भी किया ।श्रद्धा महिला मंडल ,एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्ष श्रीमती पूनम मिश्रा और उनके सहयोगियों के द्वारा किए जा रहे, सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर, समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए , विश्रामपुर क्षेत्र के शिवानी महिला समिति के द्वारा बिश्रामपुर के आजाद ग्राउंड स्थित आंगनबाड़ी के 20 बच्चों को को 20 स्कूली बैग, 20 स्केल ,20 रबर ,20 कंपास बॉक्स, और 20 स्वेटर, ठंड से बचने के लिए प्रदान की गई । एक स्वच्छ पानी पीने के लिए एक्वागार्ड प्रदान किया गया। दो सेट बैट बॉल, अक्षर ज्ञान ,और सब्जी ज्ञान के चिन्ह प्रदान किए गए और 30 फूड पैकेट का वितरण किया गया। साथ ही वहां के बच्चों के साथ मिट्टी के दीपक जलाकर प्री दिपावली भी मनाया गया। जन सेवा के कार्य में में शिवानी महिला समिति के अध्यक्षा श्रीमती ममता तिवारी और उनकी सहयोगी श्रीमती मधु सिंह, श्रीमती मानिक झा, श्रीमती शैलजा सिनईया, श्रीमत गायत्री शर्मा श्रीमती महिमा सिंह श्रीमती बलजिंदर सैनी, श्रीमती राजश्री नारायण, श्रीमती निशा श्रीवास्तव, श्रीमती गीतांजली भोई, श्रीमती मंजू चांद, श्रीमती मीना गौतम, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

### बुधराम की दिव्यांगता से नहीं आत्मनिर्भरता से बनी पहचान

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** महासमुंद ज़िले के लखनपुर, झलप निवासी बुधराम साहू, जो 70 प्रतिशत अस्थि बाधित हैं। उन्होंने अपनी दिव्यांगता को कभी अपने सपनों की राह में रोड़ा नहीं बनने दिया। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण किया बल्कि एक सफल व्यवसायी के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। साहू की प्रेरणादायक यात्रा तब शुरू हुई जब समाज कल्याण विभाग ने उन्हें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की। इस ट्राइसाइकिल ने उनके जीवन में नया मोड़ लाया, जिससे उन्हें आस-पास के गांवों में साग-सब्जी, मशरूम, इमली चॉकलेट जैसी चीजें बेचकर अपनी आजीविका शुरू करने का अवसर मिला। यह ट्राइसाइकिल उनकी स्वतंत्रता का प्रतीक बन गई और उनके जीवन को गतिशील एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाया। वर्तमान में, साहू 40 बत्तख और 80 देशी मुर्गियों का पालन कर रहे हैं।

# संपादकीय

## कड़वाहट को दूर करने में सहायता मिली.........

मोईजू ने उम्मीद जताई थी कि भारत मालदीव के आर्थिक बोझ को कम करने के लिए हमेशा तैयार रहेगा।' कहा जा सकता है कि भारत ने उनकी उम्मीदें पूरी की हैँ। पड़ोसी देशों के भारत से छिटकने के इस दौर में यह एक स्वागत-योग्य घटनाक्रम है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोईजू की भारत यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में जारी कड़वाहट को दूर करने में सहायता मिली है। मोईजू ने राष्ट्रपति बनने के बाद एक राजनेता की तरह चुनावी सरगर्मी से विदेश नीति- खासकर भारत संबंधी नीति- को अलग करने की दिशा में ठोस प्रयास किए हैं। भारत सरकार ने भी आरंभ में सख्त रुख दिखाने के बाद अब संबंधों को संभालने को प्राथमिकता दी है। मालदीव छोटा-सा द्वीप है, लेकिन अपने भौगोलिक स्थिति के कारण महत्त्वपूर्ण है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव को मोहम्मद मोईजू ने इंडिया आउट' अभियान की पीठ पर सवार होकर जीता था। भारत यात्रा के दौरान एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में उन्होंने उस अभियान को जन भावनाओं की अभिव्यक्ति बताया, लेकिन यह भी कहा कि उनकी विदेश नीति उस अभियान के प्रभाव से संचालित नहीं है। भारत सरकार ने भी बीती बातों को भुलाकर मालदीव से संबंधों के मामले में नई शुरुआत करने की जरूरत महसूस की। अनेक छोटे देशों की तरह मालदीव की भी अर्थव्यवस्था आर्थिक संकट से गुजर रही है। इस साल की पहली तिमाही में मालदीव का विदेशी ऋण 3.37 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो उसके जीडीपी के 45 प्रतिशत के बराबर है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार भी काफी घट गया है। ऐसे में भारत ने मदद करने का फैसला किया। इस क्रम में भारत ने मुद्राओं की अदला-बदली के समझौते की घोषणा की, जिसके तहत भारत मालदीव को 40 करोड़ डॉलर के अलावा 30 अरब रुपयों की मदद भारत देगा। मोईजू ने इसके लिए भारत का आभार जताया है। गौरतलब है कि भारत आने से पहले मोईजू ने एक विदेशी टीवी चैनल से बातचीत में कहा था कि भारत को उनके देश की वित्तीय हालत की पूरी जानकारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मालदीव के सबसे बड़े विकास साझेदारों में से एक होने के नाते भारत हमेशा हमारे बोझ को कम करने के लिए तैयार रहेगा।' कहा जा सकता है कि भारत ने उनकी उम्मीदें पूरी की हैँ। पास-पड़ोस में एक-एक कर देशों के भारत से छिटकने के इस दौर में यह एक स्वागत-योग्य घटनाक्रम है।

# खुली आंखों और संविधान वाली देवी

**संजय पारिख**

आम धारणा है कि न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी यह बताती है कि कानून अंधा होता है। ऐसी समझ को लेकर साल 1983 में अंधा कानून नाम से एक लोकप्रिय फिल्म तक बन चुकी है। यहां तक कि न्याय की देवी के हाथों में तराजू के झुके पलड़े को अन्याय के संकेत के रूप में ही दिखाया जाता रहा है। मगर अब ये सब बातें इतिहास बन जाएंगी। न्याय की देवी की नई प्रतिमा न सिर्फ खुली आंखों वाली है, बल्कि तलवार की जगह इनके हाथ में संविधान है। तराजू के पलड़ों को भी अब बराबर कर दिया गया है। देवी का रंग भी श्वेत कर दिया गया है। खबरों की मानें, तो ऐसा इसलिए किया गया है, क्योंकि भारत गुलामी के सभी संकेतों से बाहर निकलना चाहता है। आंखों से पट्टी हटाकर यह बताया गया है कि कानून कभी अंधा नहीं होता। तलवार को हिंसा का संकेत समझा गया था और इसे हटाकर बताया गया है कि देश संविधान से चलता है। तराजू के बराबर पलड़े का अर्थ है, सभी के लिए न्याय के समान अवसर। श्वेत रंग संभवत: शुभ या शुचिता का संकेत देता है। बहरहाल, न्याय की देवी के पुराने संकेतों को हम अपने तईं विश्लेषण करने को स्वतंत्र हैं, लेकिन न्याय का तकाजा यही है कि हम उसे उसी नजर से देखें, जिस नजर से इसे स्वीकार किया गया था। 16वीं सदी से न्याय की देवी को आंखों पर पट्टी बांधे दिखाया जाता रहा है। उस वक्त इसे निष्पक्षता का प्रतीक समझा गया था। सोच यही थी कि बंद आंखों से न्याय अपने सम्मुख आने वाले लोगों में पैसे, पावर या रुतबे के आधार पर कभी कोई भेदभाव नहीं करेगा। मगर हम इस प्रतीक को न्याय-प्रक्रिया में कितना उतार सके हैं, यह जानना जरूरी है? स्थिति यह है कि आज भी वकालतखाने में यह चर्चा अमूमन होती है कि अदालत में पेश होने वाले अभियोजन या अभियोग पक्ष के रुतबे को देखकर न्याय प्रभावित हो जाता है। शायद हम न्याय की देवी की बंधी आंखों का अर्थ न्याय-प्रक्रिया में उतारने में सफल नहीं हो पाए हैं। इसी तरह, तराजू का एक पलड़ा झुका रहने का संकेत था कि दोनों पक्षों की बहसों को सुनने के बाद न्याय का फैसला उसके हक में दिया जाएगा, जिसके गवाह और तर्क में दम हो। अदालत में सच एक पक्ष के ही साथ खड़ा होता है, जो कि निष्पक्ष विवेचना के बाद



वजनदार साबित होता है। रही बात तलवार की, तो उसका मतलब था, न्याय शीघ्रता से और अंतिम तौर पर मिले। तलवार को इस बात का प्रतीक माना गया था कि बिना किसी देरी और उलझन के सही फैसला दिया जाएगा। जाहिर है, अगर हम इन संकेतों का शाब्दिक अर्थ लगाएंगे, तो अनर्थ ही करेंगे। यहां नए संकेतों का अर्थ समझना भी आवश्यक है। कहा गया है कि तराजू का बराबर पलड़ा समाज में संतुलन का प्रतिनिधित्व कर रहा है, जबकि हाथ में संविधान का मतलब है, संचालन-प्रक्रिया का सांविधानिक प्रावधानों के अनुरूप होना। आंखों से पट्टी हटने का संकेत है, सबको समान रूप से देखना। यानी, नए संकेतों के अर्थ भी करीब-करीब पुराने प्रतीकों को ही ध्वनित कर रहे हैं। इसी कारण न्याय की प्रतिमा में किए गए हालिया बदलावों को सांकेतिक ही अधिक माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि इन सबके बजाय यदि हम न्याय की देवी द्वारा इंगित मूल्यों में संजीदगी दिखाते, तो कहीं बेहतर होता। हमें देखना यह भी चाहिए कि आखिर भारतीय न्याय-व्यवस्था को लेकर आम धारणा इतनी कटु क्यों है? यह क्यों माना जाता है कि यहां न्याय देर से मिलता है, जबकि अदालतों में तारीखें अनवरत मिलती रहती हैं? प्रस्तावना में जिस सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की वकालत की गई है, उसे वास्तविक अर्थों में साकार करने में हम अब तक क्यों विफल रहे हैं? कानून के सम्मुख सभी के समान होने का जो निर्देश संविधान देता है, उसे हम अपनी व्यवस्था में पूरी तरह क्यों नहीं उतार सके हैं? जब तक इन सवालों के उचित जवाब हम नहीं खोज लेते हैं, तब तक न्याय की देवी के प्रतीक-चिह्नों की सार्थकता कठघरे में खड़ी की जाती रहेगी। कुल मिलाकर, प्रतीकात्मक बदलावों का भारतीय न्याय-व्यवस्था पर सीधे शायद ही कोई असर पड़ेगा। देखना यह जरूरी था कि न्याय की देवी के प्रतीक-चिह्नों से जो मूल्य निकल रहे हैं, उसे हम कितना सुन-समझ पाए हैं? अगर नहीं समझ रहे, तो उसे सुनने-समझने के प्रयास होने चाहिए थे। यह कहीं ज्यादा जरूरी कवायद होती। इसी कारण यह कहा जा रहा है कि अदालतों के मौजूदा व्यवहार और व्यवस्था में जल्द बदलाव नहीं हुआ, तो यह स्थिति आगे भी बनी रह सकती है और तब न्याय की देवी बस एक निरर्थक संकेत बनकर रह जाएगी। असल में, प्रतीक-चिह्न एक पहचान के रूप में काम करते हैं। हर संस्थान के पास अपना एक प्रतीक-चिह्न होता है, जिससे वह अपने कर्म का संदेश देता है। अन्य देशों में अलग-अलग व्यवस्था है, लेकिन साझा मत यही है कि इन प्रतीक-चिह्नों से जो प्रतीकात्मक अर्थ निकल रहा है, वह हर हाल में साकार हो। भारतीय अदालतें इस मामले में उम्मीदों पर पूरी तरह खरी नहीं उतर सकी हैं। लिहाजा, इन संकेतों के सार्थक होने के लिए हमें कुछ अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। मसलन, अदालतों में वकील पूरी तैयारी के साथ आएं; मामले इस तरह पेश किए जाएं कि न्याय जल्दी मिल सके; मुकदमों का उचित वर्गीकरण हो; अलग-अलग जजों के एक ही मुद्दे पर अलग-अलग विचार न हों; जजों की पर्याप्त संख्या हो; अदालतों पर मुकदमों के लगातार बढ़ते बोझ कम करने के सार्थक प्रयास किए जाएं, आदि। ऐसे तमाम उपायों से ही भारतीय न्याय-व्यवस्था की लेट-लतीफी की बन चुकी आम धारणा खंडित हो सकेगी। अभी यह सोचने का उचित अवसर है कि भारतीय कानून-व्यवस्था के 'अंधे' होने की धारणा बनी क्यों? अगर शुरुआत में ही हम न्याय की देवी के प्रतीकात्मक संकेतों को सही अर्थों में अपना चुके होते, तो आज हमें प्रतिमा में किसी भौतिक बदलाव की जरूरत ही नहीं पड़ती। बहरहाल, न्याय की देवी के पुराने संकेतों को हम अपने तईं विश्लेषण करने को स्वतंत्र हैं, लेकिन न्याय का तकाजा यही है कि हम उसे उसी नजर से देखें, जिस नजर से इसे स्वीकार किया गया था। 16वीं सदी से न्याय की देवी को आंखों पर पट्टी बांधे दिखाया जाता रहा है। उस वक्त इसे निष्पक्षता का प्रतीक समझा गया था। सोच यही थी कि बंद आंखों से न्याय अपने सम्मुख आने वाले लोगों में पैसे, पावर या रुतबे के आधार पर कभी कोई भेदभाव नहीं करेगा। मगर हम इस प्रतीक को न्याय-प्रक्रिया में कितना उतार सके हैं, यह जानना जरूरी है? स्थिति यह है कि आज भी वकालतखाने में यह चर्चा अमूमन होती है कि अदालत में पेश होने वाले अभियोजन या अभियोग पक्ष के रुतबे को देखकर न्याय प्रभावित हो जाता है। शायद हम न्याय की देवी की बंधी आंखों का अर्थ न्याय-प्रक्रिया में उतारने में सफल नहीं हो पाए हैं। इसी तरह, तराजू का एक पलड़ा झुका रहने का संकेत था कि दोनों पक्षों की बहसों को सुनने के बाद न्याय का फैसला उसके हक में दिया जाएगा, जिसके गवाह और तर्क में दम हो। अदालत में सच एक पक्ष के ही साथ खड़ा होता है, जो कि निष्पक्ष विवेचना के बाद वजनदार साबित होता है। रही बात तलवार की, तो उसका मतलब था, न्याय शीघ्रता से और अंतिम तौर पर मिले।मूर्ति में बदलाव की नहीं, बल्कि न्याय के सभी परिमापों को न्यालय-प्रक्रिया में लाने की आवश्यकता है। मगर, जैसा कि कहते हैं, जब जागो, तभी सबेरा। हम आज भी न्याय की देवी के तमाम संकेतों को वास्तव में साकार कर सकते हैं, पर इसके लिए हमें जरूरी गंभीरता दिखानी पड़ेगी।

# आलेख

## विमान उड़ाने की धमकी,रेल पटरियों पर अवरोध और हिन्दू त्यौहारों पर हमले

**रमेश शर्मा**

पूरे देश में स्कूलों, हवाई अड्डों, विमानों को बम से उड़ाने की धमकी, रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं लकड़ी के गट्ठर, कहीं गैस सिलेंडर मिलने लगे । इसके साथ हिन्दू त्यौहारों पर हमले बढ़ गये । यह भारतीय समाज जीवन में भय, आतंक और तनाव फैलाकर प्रगति अवरुद्ध करने का नया षड्यंत्र है । इसमें भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय और भारत के भीतर की दोनों शक्तियों का गठजोड़ दिखता है । देश भर में हुये दुर्गा विसर्जन में पथराव और बहराइच में क्रूरता पूर्वक की गई हत्या के दर्द से देश उबरा भी नहीं था कि भारतीय विमानों को उड़ाने की धमकियाँ आने लगीं । दुर्गा विसर्जन से शरद पूर्णिमा के बीच चार दिनों में कुल उन्नीस धमकियाँ मिलीं। सावधानी केलिये सात उड़ानों को या तो स्थगित किया गया अथवा आपात लैंडिंग की गई। कुछ तो ऐसे विमानों की भी आपात लैंडिंग हुई जो विदेश जा रहे थे । हालाँकि विमानों को उड़ाने धमकी भरे ईमेल या फोन और हिन्दू त्यौहारों पर हमलों की घटनाएँ पहले भी हुई हैं। लेकिन पिछले छै महीनों से भारतीय समाज जीवन में आतंक और तनाव फैलाने वाली इन घटनाओं में बाढ़ सी आ गई है । ये घटनाएँ तीन प्रकार की हैं। इनमें स्कूल, अस्पताल और विमानों और विमानतलों को बम से उड़ाने की धमकियाँ सोशल मीडिया अथवा ईमेल से आईं, दूसरा रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं गैस सिलेंडर, कहीं पत्थर, कहीं लकड़ी के गट्ठर तो कहीं लोहे की राड रखकर रेल दुर्घटना करने का कुप्रयास हुआ और हिन्दु त्यौहारों पर हमले । भारत में ये घटनाएँ नई नयी हैं, ऐसी घटनाएँ पहले भी हुईं हैं । लेकिन पिछले छै महीनों में घटी घटनाओं में अंतर है । एक तो संख्या में कयी गुना बढ़ोत्तरी हुई है दूसरे क्रूरता बढ़ी है । हमलों और पथराव का यह क्रम कांवड़ यात्राओं से आरंभ हुआ था । जो गणेशोत्सव और दुर्गा उत्सव में निरंतर बढ़ता रहा । दुर्गाउत्सव में ऐसा कोई दिन नहीं बीता जब दो चार स्थानों से झांकियों पर पथराव का समाचार न आया हो । कुछ घटनाओं में तो झांकियों इसके के भीतर घुसकर प्रतिमा खंडित करने और महिलाओं के साथ मारपीट करने के समाचार भी आये । बहराइच में भीड़ की आक्रामकता से हमलावरों की क्रूरता आसानी समझी जा सकती है । हमलावरों ने युवक के पूरे शरीर के हर अंग को घाव दिये, पैरों के नाखून उखाड़े गये थे । प्रत्यक्ष दर्शियों ने हमलावरों की करतूत का जो विवरण दिया वह रोंगटे खड़े कर देता है । अन्य घटनाओं में हमले केलिये पथराव, लाठी, गोली चाकू राड आदि का खुलकर प्रयोग हुआ । यह सब ऐसे समय हो रहा है जब भारत में एकजुटता की आवश्यकता थी । इन दिनों भारत विकास की नई अंगड़ाई ले रहा है । आर्थिक समृद्धि से लेकर अंतरिक्ष की ऊँची उड़ान तक नये कीर्तिमान बन रहे हैं। यह विश्व में भारत की बढ़ती साख और प्रतिष्ठा का नया अध्याय है कि गाजा पट्टी का तनाव रोकने और यूक्रेन-रूस युद्ध के समाधान के लिये दुनियाँ भारत के प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी से आगे आने की अपेक्षा कर रही है । भारत की यह प्रगति और प्रतिष्ठा की मंजिल नहीं है, पहला चरण है । लक्ष्य तो विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान अर्जित करने का है । इसके लिये यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 निर्धारित किया है। वह भारत की स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष होगा । मोदीजी का संकल्प है कि स्वतंत्रता की शताब्दी वर्षगांठ पर भारत राष्ट्र विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर प्रतिष्ठित हो । यह काम केवल मोदीजी के संकल्प और सरकार की नीति निर्णयों से नहीं होगा । इसके लिये संपूर्ण भारत और भारत वासियों को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा । तभी वर्तमान प्रगति यात्रा अनवरत रह सकेगी और भारत का परम् वैभव पुनर्प्रतिठित हो सकेगा । जिस समय संपूर्ण राष्ट्र में एकत्व और सक्रियता की आवश्यकता है तब बम से उड़ाने की धमकियों से आतंक का वातावरण बनाना, रेल की पटरियों को क्षतिग्रस्त करके समाज जीवन में भय उत्पन्न करना और हिन्दू त्यौहारों पर लगातार हमले करके साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करना साधारण नहीं हो सकता । यह आशंका निराधार नहीं हो सकती की यह भारत की विकास गति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र है । इन तीनों के परिणाम पर विचार करें तो इसमें देश विरोधी गहरे कुचक्र की गंध आती है । किसी न किसी स्तर पर इन तीनों प्रकार की घटनाओं के सूत्र एक दूसरे से जुड़े लगते हैं।

# कांग्रेस तमाम आदर्श स्थितियों के बावजूद चुनाव हारी

**अजीत द्विवेदी**

हरियाणा के चुनाव नतीजों ने एक बार फिर प्रमाणित किया है कि कांग्रेस पार्टी जातीय राजनीति में प्रवेश कर तो गई है लेकिन उसकी जटिलताओं को समझ नहीं पा रही है और अगर समझ रही है तो उससे निपटने के उपाय उसको नहीं सूझ रहे हैं। राहुल गांधी ने अप्रैल 2023 से जाति जनगणना और आबादी के अनुपात में आरक्षण बढ़ाने का मुद्दा जोर शोर से उठाया है और उसके बाद से हरियाणा चौथा राज्य था, जहां कांग्रेस तमाम आदर्श स्थितियों के बावजूद चुनाव हारी। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बाद हरियाणा में कांग्रेस की यह राजनीति विफल रही है। कह सकते हैं कि इस दौरान कांग्रेस कर्नाटक में चुनाव जीती और लोकसभा चुनाव में उसकी सीटों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ। लेकिन अगर लोकसभा के नतीजों को भी बारीकी से देखेंगे तो पता चलेगा, उसमें भी राहुल गांधी की जाति गणना कराने और आबादी के अनुपात में आरक्षण बढ़ाने के दांव का बहुत कम योगदान है। कांग्रेस को या तो दक्षिण भारत से सीटें मिली हैं या अन्य विपक्षी पार्टियों के साथ चतुराईपूर्ण गठबंधन की वजह से सीटें मिली हैं। सवाल है कि कांग्रेस का जाति गणना और आरक्षण बढ़ाने का दांव क्यों नहीं कामयाब हो रहा है? इसका मुख्य कारण यह है कि अन्य पिछड़ी जातियों यानी ओबीसी की राजनीति मंडल के दौर से बहुत आगे बढ़ चुकी है और कांग्रेस नेतृत्व न तो उसके इतिहास को समझ रहा है और न उसकी जटिलताओं को समझ रहा है। कांग्रेस नेतृत्व की तीन गलतियां बहुत स्पष्ट हैं। पहली, वह अभी तक ओबीसी को एक होमोजेनस समुदाय मान कर उसकी कॉमन अस्मिता की राजनीति कर रही है। दूसरी, मंडल के ऊपर कमंडल के असर का आकलन नहीं कर रही है और तीसरी राहुल गांधी चाहते हैं कि सिर्फ बातों से काम बन जाए। यानी वे भाषण दें और अच्छी अच्छी बातें कहें, उससे पिछड़ी जातियां कांग्रेस के साथ जुड़ जाएं। वे पिछड़ा नेतृत्व आगे किए बगैर कांग्रेस नेतृत्व के पारंपरिक ढांचे में यह राजनीति कर रहे हैं। सबसे पहला मामला यह है कि पोस्ट मंडल यानी मंडल के बाद की राजनीति बहुत बदल गई है। कार्ल मार्क्स के द्वंद्वात्मक भौतिकवाद को पढने् समझने वालों को पता है कि कोई भी वाद या विचार स्थायी नहीं होता है। विचार के साथ ही प्रतिविचार का जन्म होता है और दोनों के द्वंद्व से एक संविचार यानी पहले से परिष्कृत विचार का जन्म होता है। सो, मंडल की राजनीति के मजबूत होने पर इसके अंदर ही टकराव और बिखराव शुरू हुआ। इसको वर्गीकरण के रूप में समझ सकते हैं। हालांकि जैसे अभी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अनुसूचित जातियों में वर्गीकरण का मामला तूल पकड़े हुए है उस तरह पिछड़ी जातियों में नहीं हुआ लेकिन बिहार और कुछ अन्य जगहों पर पिछड़ा और अति पिछड़ा के तर्ज पर सरकारी नौकरियों और दाखिले में वर्गीकरण दिखाई दिया। साथ ही राजनीतिक स्तर पर इसका दायरा ज्यादा व्यापक हुआ। कई जगह मजबूत पिछड़ी जातियों के खिलाफ कमजोर पिछड़ी जातियों की गोलबंदी हुई। एकसमान पिछड़ी अस्मिता की जगह कई अस्मिताओं का जन्म हुआ। जिस तरह से एक जमाने में अगड़ी जातियां पिछड़ी जातियों के लिए वर्ग शत्रु थीं उसी तरह मजबूत पिछड़ी जातियां कमजोर पिछड़ी जातियों के लिए वर्ग शत्रु हो गईं। बिहार में इसी दायरे को बढ़ा कर नीतीश कुमार ने इतने बरसों तक सफल राजनीति की। उन्होंने अगड़ा पिछड़ा के नैरेटिव में चुनाव नहीं जीते, बल्कि पिछड़ा बनाम अति पिछड़ा और दलित बनाम महादलित के नैरेटिव में चुनाव जीते। उत्तर प्रदेश के दो चुनावों में भाजपा की जीत इसी राजनीति का नतीजा थी। लेकिन 2024 में अखिलेश यादव ने सबक लिया और अगड़ा पिछड़ा के पुराने नैरेटिव को सफलतापूर्वक जीवित करने में कामयाब रहे। योगी आदित्यनाथ के राज की जातीय गौरव की कहानियों ने इसमें उनकी मदद की। बहरहाल, पोस्ट मंडल राजनीति में हुए इस सामाजिक वर्गीकरण को कांग्रेस नहीं समझ पा रही है या समझ रही है तो इसके बेहतर राजनीतिक इस्तेमाल के लिए तैयार नहीं है। अगर वह इस सामाजिक वर्गीकरण को समझ ले और तमाम पिछड़ी जातियों की सत्ता में हिस्सेदारी की चाहना को समझ ले तो वह ज्यादा बेहतर ढंग से इसकी राजनीति कर पाएगी। उसे समझना होगा कि अब सत्ता का समीकरण बदल गया है। धरातल पर मौजूद सामाजिक टकरावों की राजनीति में भूमिका बढ़ी है और सिर्फ पिछड़ी जातियां ही नहीं, बल्कि कोई भी जाति होमोजेनस नहीं रह गई है। अगड़े पूरी तरह के अगड़ों की तरह या पिछड़े पूरी तरह से पिछड़ों की तरह वोट नहीं कर रहे हैं। जातियों की समरूपता टूटने से जटिलता बढ़ी है, जिसको भाजपा ने बेहतर ढंग से समझा है। इतना ही नहीं उसने जाति राजनीति को अलग अलग राज्यों में अलग अलग तरह से लागू किया है, जबकि राहुल गांधी एक साइज का जूता हर पैर में पहनाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा को पता है कि बिहार और यूपी में यादव उसका साथ नहीं देंगे तो उसने गैर यादव पिछड़ी जातियों को साथ जोड़ा लेकिन दूसरी तरफ मध्य प्रदेश और हरियाणा में ऐसा सामाजिक टकराव नहीं है तो वहां यादव के साथ साथ दूसरी पिछड़ी जातियों को भी अपने साथ मिला लिया। यह एक उदाहरण है। बाकी हर राज्य में भाजपा ने सामाजिक टकरावों को समझ कर जातियों का गणित बैठाया है। दूसरा मामला मंडल की राजनीति पर कमंडल के असर का है। पिछले 10 साल के नरेंद्र मोदी के राज ने मंडल और कमंडल का फर्क मिटा दिया है। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी की भाजपा यह काम नहीं कर पाई थी। चूंकि उस समय भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अगड़ी जातियों का था इसलिए वे मंडल और कमंडल की दूरी को पाट नहीं सकते थे। अलबत्ता गोविंदाचार्य ने यह काम कल्याण सिंह के जरिए उत्तर प्रदेश में किया था और बाद में उमा भारती के जरिए इसे मध्य प्रदेश में दोहराया गया। लेकिन केंद्र में नरेंद्र मोदी के आने के बाद ज्यादा प्रयोग करने की जरुरत नहीं रह गई। मोदी ने अकेले वह काम कर दिया, जो 1990 से 2010 तक भाजपा नहीं कर पाई थी।

# उमर के सिर सजा कांटों का ताज........

**अश्विनी कुमार**

नेशनल कांफ्रेंस के उप-प्रधान और फारूक अब्दुल्ला के बेटे उमर अब्दुल्ला बुधवार को केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। इससे पहले वह 5 जनवरी, 2009 में पहली बार छह साल के लिए मुख्यमंत्री बने थे, पर इस बार पांच साल के लिए मुख्यमंत्री रहेंगे। उमर अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस को काफी वोट कश्मीर घाटी के साथ-साथ जम्मू में भी मिले हैं। पंद्रह साल पहले बने मुख्यमंत्री और अब के मुख्यमंत्री में जमीन-आसमान का फर्क है। उमर के सिर पर इस बार कांटों का नया ताज है। उनके सामने चुनौतियां भी इफरात हैं। उनको हर कदम सोच-समझकर लेना होगा। चाहे उनके केंद्र के साथ अच्छे रिश्ते हों या उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ। उमर अब्दुल्ला को यह भी याद रखना होगा कि इस बार उन्हें जम्मू से मजबूत विपक्ष मिला है। भाजपा को इस बार हिंदू वोट बैंक वाले जिलों में पहली बार 29 सीटें मिली हैं, इसलिए विधानसभा के अंदर और विधानसभा के बाहर उमर अब्दुल्ला को एक मजबूत विपक्ष मिलेगा। उमर के लिए इनको संभालना मुश्किल होगा, क्योंकि उनका कांग्रेस के साथ गठबंधन है। कांग्रेस अभी सरकार में शामिल नहीं हुई है। कांग्रेस के नेता तारिक हामिद ने कहा है कि जब तक केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं देगी, तब तक कांग्रेस मंत्रिमंडल में नहीं शामिल होगी। जमीनी संकेतों को अगर देखें, तो अगले पांच साल उमर अब्दुल्ला के लिए काफी मुश्किल होने वाले हैं, क्योंकि लोगों की बड़ी उम्मीदें उन पर टिकी हैं, चाहे कश्मीर की जनता हो या जम्मू के लोग। कश्मीर घाटी में नेशनल कांफ्रेंस को इसलिए काफी वोट मिले, क्योंकि पार्टी ने चुनावी घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 व 35 ए की बहाली और जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के वादे किए थे। इनके साथ सालाना 'दरबार मूव' को दोबारा शुरू करने, बढ़ती बेरोजगारी, कश्मीर घाटी के साथ-साथ जम्मू की जनता को भी न्याय दिलाने और कानून-व्यवस्था को बहाल रखने की चुनौतियां भी नई सरकार को तंग करेंगी। गौर करने की बात है कि अपनी मांगों या वादों को पूरा करने के लिए उमर को केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करना होगा। केंद्रीय नेताओं से उन्हें अच्छे रिश्ते बनाने पड़ेंगे। किसी तरह की तल्खी काम नहीं आएगी। अगर वह ऐसा करने में कामयाब हो जाते हैं, तो केंद्र सरकर पूर्ण राज्य का दर्जा जल्दी दे सकती है। वैसे,



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी भाषणों में भी कहा है कि नई सरकार बनने के बाद राज्य का दर्जा दिया जाएगा, लेकिन केंद्र ने इसके लिए कोई समय सीमा नहीं तय की है। उमर अब्दुल्ला ने दरबार मूव की दोबारा बहाली की बात की है, पर यह तभी हो पाएगा, जब उप-राज्यपाल और केंद्र से हरी झंडी मिलेगी। केंद्रशासित जम्मू-कश्मीर के कानूनों के मुताबिक, महत्वपूर्ण विषयों पर उप-राज्यपाल की सहमति जरूरी होगी। नेशनल कांफ्रेंस को उम्मीद है कि राज्य का दर्जा की मांग शायद केंद्र पूरी कर दे, पर इसमें देरी होती है, तो जम्मू-कश्मीर सरकार के पास सुप्रीम कोर्ट जाने के रास्ते खुले हैं। नेशनल कांफ्रेंस चाहती है कि बिना किसी खींचातानी के ये बड़े मुद्दे सुलझ जाएं, तो कश्मीर के लोग खुश हो जाएंगे और लोगों के बीच पार्टी की नाक भी रह जाएगी। जम्मू-कश्मीर में दरबार मूव की बहाली का मुद्दा नेशनल कांफ्रेंस के साथ-साथ भाजपा के लिए भी काफी महत्वपूर्ण बन चुका है। दरबार मूव की परंपरा 1872 से 2021 तक चलती रही। इसके तहत सर्दियों के छह महीने में सरकारी दफ्तर श्रीनगर से जम्मू आ जाते हैं और गर्मियों में वापस श्रीनगर चले जाते हैं। दरबार मूव की इस पुरानी परंपरा को उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने तीन साल पहले यह कहकर खत्म कर दिया था कि हर साल सामान शिफ्टिंग पर करीब 130 करोड़ रुपये का खर्चा आता है। मनोज सिन्हा का तर्क यह था कि डिजिटल जम्मू-कश्मीर बनने के बाद दरबार मूव का रहना ठीक नहीं है। राजा-महाराजाओं द्वारा शुरू किए गए दरबार मूव को खत्म करने पर जम्मू की जनता भी भाजपा से नाराज है। 'जम्मू चैम्बर ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्रीज' के प्रधान अरुण गुप्ता ने कई बार कहा है कि जब से दरबार या सरकार का जम्मू आना बंद हुआ है, तब से जम्मू का बिजनेस खत्म हो गया है। दरबार मूव वापस लाने की मांग जम्मू में जोर पकड़ रही है और कभी न कभी आने वाले दिनों में भाजपा के 29 विधायकों पर जम्मू से दबाव आएगा। गौरतलब है, 1987 में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने भी इसी तर्क पर दरबार मूव खत्म करके राजधानी को श्रीनगर में सीमित कर दिया था, तब करीब दो महीने जम्मू में हड़ताल होने के बाद फारूक अब्दुल्ला को वह आदेश वापस लेना पड़ा था। उनके बेटे उमर अब्दुल्ला को भी आने वाले दिनों में इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर के नए कानूनों और मुख्यमंत्री की ताकत को लेकर आने वाली है। पहली बार जब वह 2009 से 2015 तक मुख्यमंत्री थे, तब उनको पूरी शक्ति प्राप्त थी, लेकिन अब किसी केंद्रीय सेवा के सचिव के स्थानांतरण के लिए उनको उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा की सहमति की जरूरत होगी।

## आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य श्रमण मुनी श्री संकल्प सागर जी महाराज ने पूरा किया सिंह निष्क्रीडित व्रत



**नांदणी ( विश्व परिवार )।** गणाचार्य 108 श्री विरागसागर जी महाराज के श्रेष्ठ -ज्येष्ठ एवं प्रियाग्र शिष्य चर्या शिरोमणी आचार्यरत्न विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ का 2024 का चातुर्मास स्वस्तिश्री जिनसेन संस्थान मठ नांदणी में शुरु हैं। आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य श्रमण मुनी श्री संकल्प सागर जी महाराज ने स्वस्तिश्री जिनसेन संस्थान मठ नांदणी में किया सिंह निष्क्रीडित व्रत पुरा किया। श्रमण मुनी श्री संकल्प सागर जी महाराज ने 80 दिनो में 60 उपवास किये और 20 पारणा हुए। यह सिंह निष्क्रीडित व्रत जघन्य, मध्यम व उत्कृष्ट ऐसे तीन प्रकार का है।

जघन्य सिंह निष्क्रीडित व्रत क्रमशः 1, 2 आदि उपवास करते हुए 60 उपवास पूरे करते हैं। बीच के 20 स्थानों में पारणा होता हैं। जघन्य सिंह निष्क्रीडित व्रत में मध्य का अंक 5 है। पहले के अंकों में दो-दो अंकों की सहायता से एक-एक बढ़ाते जाते हैं और घटाता जाते हैं। श्रमण मुनी श्री संकल्प सागर जी महाराज का संक्षिप्त परिचय- विठोबा को मानने वाले लगभग दस लाख लोग प्रतिवर्ष आषाढ शुक्ल 11 को जिस नगर में आकर उत्सव मनाते हैं, उस नगर का नाम पंढरपुर। यह महाराष्ट्र प्रांत में स्थित है। यहाँ पर दिगम्बर जैन धर्म को मानने वाले सेतवाल जाति के श्रावक भी रहते हैं।

सेतवाल जाति में उत्पन्न श्री चंद्रप्रभु जी जैन एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मंगल अन्नदाते आर्ष परम्परा के उपासक तो रहे हैं, परंतु यह तो उन्होने भी नहीं सोचा होगा कि 28 दिसम्बर 1981 में जन्मी उनकी यह संतान शास्त्रीय चर्चा को एक दिन आचरण का जामा पहिनकर सबके पूज्य बन जायेंगे। आप निरंतर आत्म - ध्यान में रत रहते थे। शनैः शनैः आपके हृदय में वैराग्य की तरंगे हिलोर मारने लगी। आपने टिकमगढ (म. प्र.) में विराजमान आचार्य श्री विशुद्धसागर जी के पास जाकर सन 2014 में ब्रम्हचर्य व्रत ग्रहण कर लिया। लगभग तीन वर्ष तक संघस्थ ब्रम्हचारी बनकर आपने गुरुमुख से ग्रंथो का अध्ययन किया। यद्यपि आपकी मातृभाषा मराठी हैं, परंतु आपने हिंदी, संस्कृत और प्रकृत भाषाओं का अच्छी तरह से अध्ययन किया। आपकी योग्यता परखकर आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी ने आपको 6 अकटूबर 2017 को इंदौर (म. प्र.) में मुनी दिक्षा प्रदान कर उपकृत किया। संघस्थ वरिष्ठ मुनिश्री सुयशसागर जी एवं मुनिश्री समर्थसागर जी के साथ रहकर महाराष्ट्र प्रांत में तामसा नगर में आपने वर्ष 2018 का चातुर्मास किया।

**80 दिनो में हुए 60 उपवास और 20 पारणा**

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## जिसके हृदय में प्रभु की भक्ति होती है, उसके आभामंडल का प्रभाव कुछ ऐसा होता है कि चमत्कारिक घटनाएं घटती हैं : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

**इंदौर ( विश्व परिवार )।** जिसके हृदय में प्रभु भक्ति समाई होती है, उसके आभामंडल का प्रभाव ही कुछ ऐसा होता है कि चमत्कारिक घटनाएं घटती है। उपरोक्त उद्‌गार संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज के शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने भक्तामर स्त्रोत्र के अड़तीसवे छंद की व्याख्या करते हुये व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि हालांकि में आजकल के किसी भी बाहरी चमत्कार पर विश्वास नहीं करता लेकिन प्रभु की निश्चल भक्ती के कई चमत्कार सामने आऐ है, तो में ऐसा मानता हूं कि जिसके हृदय में प्रभु भक्ती समायी होती है उनका पुण्य गाड़ा होता है, और जिसका पुण्य गाड़ा होता है उसके आभामंडल से ही चमत्कार घटित होते है। आचार्य मानतुंग प्रभु की भक्ती में उस चरमसीमा तक लीन है उनके मुख से जो भी छंद मुखरित हो रहे है वह किसी मंत्र से कम नहीं है ... किश्यो-तन्-मदाविल-विलोल-कपोल-मूल, मत्त-भ्रमद्-भ्रमर-नाद-विवृद्ध-कोपम्, ऐरावताभमिभ-मुद्धत-मापतन्तं दृष्ट्वा भयं भवति नो भवदाश्रितानाम् छंद का अर्थ बताते हुये मुनि श्री कहते है कि भगवान की निश्चल भक्ती का ही प्रभाव है कि उसके आभामंडल के सामने एक मदमस्त हाथी अपना समर्पण कर देता है मुनि श्री ने कहा कि समय समय पर ऐसी कयी घटनाएं घटी है, और घटती भी रहती है उन्होंने जयपुर राजघराने कि एक घटना सामने रखते हुये कहा हालांकि घटना 200 वर्ष पुरानी है, दीवान अमरचंद्र जो कि जिनेन्द्र भगवान के परम भक्त थे उनकी विद्वता से चिड़ कर दरबारियों ने राजा के कान भरे तो राजा ने मंत्री दीवान चंद्र को बुलाया और कहा कि तुम्हें अपनी अहिंसा को शेर के समक्ष अहिंसक भोजन कराके सिद्ध करना होगा। दूसरे दिन पिंजरे में बंद तीन दिन भूखे शेर के सामने दीवान अमरचंद्र जलेबी का थाल और कड़ाई भर दूध लेकर गये और कहा कि हे मृगराज यदि तुझे अपनी भूख मिटानी है तो यह स्वादिष्ट जलेवी और दूध है उससे मिटा लो और यदि मांस ही चाहिये तो यह लो मेरा शरीर आपके सामने हाजिर है? कहते है कि शेर ने उनको देखा और उनके आभामंडल से प्रभावित होकर उनके पास गया और उनके चरण चूमे तथा तीन परिक्रमा कर दूध जलेवी खा गया राजा सहित सभी दरवारी आश्चर्यचकित थे। आज भी जयपुर की नसिया में यह घटना वर्णित है। दूसरी घटना 2005 रांची में प्रतिष्ठाचार्य मोक्षकल्याणक की क्रिया करा रहे थे कि असावधानी से अचानक आग लगी और रुई के बने पहाड़ ने आग पकड़ ली लोग कुछ समझ पाते कि बंहा उपस्थित अशोक नगर के युवावर्ग ने बंहा पर रखे शांतीधारा के जल को उस आग पर डाला तो बह अग्नी तत्काल बुझ गयी। इस प्रकार की और कयी घटनाओं को सुनाते हुये कहा कि जिसने भगवान शरण ले ली उसके ऊपर काल रुप खुंखार शेर का भी कोई प्रभाव नहीं पड़ता भगवान आपके मात्र नाम स्मरण से प्रलयकारी अग्नी भी शांत हो जाती है।



इस अवसर पर मुनि श्री संधान सागर महाराज ने भी सम्वोधित किया मंच पर मुनि श्री निर्वेग सागर महाराज सहित क्षुल्लक श्री आदरसागर, समादरसागर, चिद्रूप सागर, स्वभाव सागर, सुलभसागर महाराज विराजमान थे कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र अनावरण तथा दीप प्रज्जवलन से हुआ संचालन बाल ब्र.अशोक भैया ने किया धर्म प्रभावना समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया आचार्य मानतुंग ने उपरोक्त भक्तामर स्त्रोत्र की रचना की जिसकी व्याख्या मुनि श्री के मुखारविंद से संपन्न होंने जा रही है जिसका प्रकाशन दीपावली के पश्चात पूर्ण होकर विजयनगर इंदौर में आगामी 7 नवम्वर से 15 नवम्वर के बीच श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के बीच विमोचन होगा।16 नबम्वर को 108 श्री जी के साथ विशाल रथ यात्रा एवं 17 नबम्वर को मुनिसंघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह आयोजित है। धर्म प्रभावना समिति के मीडिया प्रभारी राहुल जैन अध्यक्ष अशोक डोसी, मुकेश पाटौदी, स्वागत अध्यक्ष नवीन आनंद गोधा महामंत्री हर्ष जैन तथा प्रवक्ता अविनाश जैन सहित समस्त पदाधिकारिओं ने इंदौर शहर तथा संपूर्ण भारत के सभी श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि आगामी श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान रथयात्रा तथा पिच्छिका परिवर्तन समारोह में अपनी सहभागिता अवश्य दर्ज करायें।

**-अविनाश जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल रमेन डेका ने महाप्रभु श्री जगन्नाथ भगवान के दर्शन किए





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की और छत्तीसगढ़ के समस्त प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कीं। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय कविता लेखन प्रतियोगिता में ममता सिन्हा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर किया जिले का नाम रोशन, निराला काव्य रत्न सम्मान से हुईं सम्मानित

**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** ममता सिन्हा ने कविता लेखन प्रतियोगिता में निराला काव्य रत्न सम्मान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया हैं. यह सम्मान उनको कविता लेखन प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मिला हैं. सोमवार को नमो फाउंडेशन सिंगरौली मध्य प्रदेश द्वारा हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के स्मृति में राष्ट्रीय स्तर पर आदर्श युवा की पहचान/ समाज में मेरा योगदान, विषय पर आयोजित किया गया था .यह कार्यक्रम राजकुमार जायसवाल विचार क्रांति के नेतृत्व में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में देश भर से सैकड़ो प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी। जिसमें उन्होंने सैकड़ो प्रतिभागियों कों मात देकर उन्होंने अपना स्थान बनाया. जिसमें उनकी स्वरचित कविता कों काफी पसंद किया गया. कवित्री सिन्हा कों 70 श्रेष्ठ कविताओं के चयन के आधार पर साहित्यकारों को निराला काव्य रत्न सम्मान के लिए चयन किया गया। इस प्रतियोगिता में चयनित 24 साहित्यकारों को ऑनलाइन कविता पाठ का मौका भी दिया गया.इस प्रतियोगिता में नवोदित साहित्यकारों के साथ-साथ कई दर्जन वरिष्ठ साहित्य एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान वाले साहित्यकार जुड़े।जशपुर की ममता सिन्हा, जो कि पेशे से एक शिक्षिका है, के चयनित होने पर नमो फाउंडेशन सिंगरौली मध्य प्रदेश जिला मंत्री एवं संयोजक राजकुमार जायसवाल विचार क्रांति ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल साहित्यिक भविष्य की शुभकामनाएं दी है।



### छात्रों ने मानव श्रृखला बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश, किया मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**रायपुर ( आरएनएस )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह और स्वीप के जिला नोडल अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में रायपुर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 के लिए वर्धमान द स्कूल के छात्रों ने एक विशेष मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत मतदान के नारे लगाए और विभिन्न श्लोगनों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर 13 नवंबर लिखकर यह संदेश दिया कि हर वोट महत्वपूर्ण है। छात्रों ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार और मित्रों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि लोकतंत्र की मजबूती में योगदान कर सकें।

## मन पर स्वयं का नियंत्रण जरुरी : मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज

### मुनि श्री ससंघ का जयकारों के बीच हुआ महावीर नगर दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश

**धर्म सभा में हुआ पार्श्व पुराण का वाचन**



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हं ध्यान योग प्रणेता मुनि 108 प्रणम्य सागर महाराज ससंघ का मंगलवार को महावीर नगर के दिगंबर जैन मंदिर में जूलूस के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस मौके पर आसपास का वातावरण जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

मंदिर समिति के उपाध्यक्ष दर्शन जैन बाकलीवाल ने बताया कि इससे पूर्व मुनि श्री मीरामार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से मंगल विहार कर गायत्री नगर महारानी फार्म के आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर पहुचे जहां महावीर नगर जैन समाज सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भव्य अगवानी की। गायत्री नगर दिगम्बर जैन मंदिर से मुनि संघ जुलूस के साथ रवाना होकर महावीर नगर दिगम्बर जैन मंदिर पहुचा जहा पर प्रबंधकारिणी समिति ने पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर मुनि संघ की भव्य अगवानी की। मंदिर दर्शन के बाद आचार्य विद्यासागर मंडपम् में धर्म सभा का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुख से पारस पुराण का वाचन किया गया।

मुनि श्री ने कथा में आनंद कुमार मुनि के अंतरंग में समाए दस धर्म में संयम एवं तप के बारे में बताया।

मुनि श्री ने कहा कि जो मनुष्य इंद्रियो और मन को अपने पर सवार ना होने दे, जो स्वयं उन पर नियंत्रण रखे, वही संयम का पालन कर सकता है। आज टेक्नोलॉजी का बच्चे बढ़ चढ़कर उपयोग कर रहे हैं, वह सबसे बड़ा असंयम का कारण है। आज दुनिया में बच्चे किसी ना किसी नशे के गुलाम है। मुनि श्री ने सब को सावचेत करते हुए कहा कि आप बच्चों की गतिविधियां और उनके स्वभाव में परिवर्तन पर ध्यान दें। हमें आने वाली पीढ़ी को संयमित बनाने के लिए उसे धर्म आचरण से जोड़ना चाहिए। धर्म से मन विशुद्ध बने, आत्मा के कर्मों की निर्जरा हो तो इन विचारों से धर्म, दुनिया और समय को भी बदल सकता है। वह धर्म ही क्या जो दुनिया और समय के हिसाब से खुद बदल जाए।

इससे पूर्व श्रीमती कमलेश, सुशील, रानी, नितिन, दिपाली, प्रेक्षा, मुक्तिका, काव्या पाटनी परिवार ने चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेट का सौभाग्य प्राप्त किया। इस मौके पर मन्दिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनिल जैन, उपाध्यक्ष दर्शन बाकलीवाल बस्सी वाले, मंत्री सुनील बज, सह मंत्री पवन जैन तिजारा वाले, कोषाध्यक्ष गिरीश बाकलीवाल, समाजश्रेष्ठी शीतल कटारिया, सुरेंद्र पांड्या, जस्टिस एन के जैन, हरिश धाडूका, जम्बू जैन, आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मीरा मार्ग के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, मंत्री राजेन्द्र सेठी, अशोक गंगवाल, पदम पाटनी, राजेश गंगवाल, चक्रेश जैन एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंत्री सुनील बज ने बताया कि महावीर नगर के दिगम्बर जैन मंदिर में बुधवार को प्रातः 8.30 बजे मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होगें।

**तीन दिवसीय राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी 24 से :** प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में महावीर नगर के आचार्य विद्यासागर मंडपम् में 24 से 26 अक्टूबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूरे देश से सैकड़ों विद्वान शामिल होगें। भारतीय संस्कृति के संवर्द्धन में आचार्य विद्यासागर महामुनिराज का अवदान संगोष्ठी का विषय रहेगा। श्री जैन के मुताबिक मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 28 अक्टूबर को प्रातः 9.15 बजे महावीर नगर में मंदिर का भूमि पूजन एवं शिलान्यास होगा। मुनि संघ का 29 अक्टूबर तक महावीर नगर में ही प्रवास रहेगा। **-विनोद जैन कोटखावदा**

## चंद्रोदय तीर्थ चांदखेड़ी के आदिनाथ भगवान के दर्शन कर मेरा रोम रोम हुआ पवित्र डॉक्टर कल्याण गंगवाल



**चांदखेड़ी ( विश्व परिवार )।** आज चंद्रोदय तीर्थ क्षेत्र चांदखेड़ी पर भारत गौरव शाकाहार के प्रचार प्रसार में अग्रणी महाराष्ट्र सरकार द्वारा पद्मश्री के लिये नामांकित सम्माननीय डॉ. कल्याण गंगवाल पुणे अपनी धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकला गंगवाल के साथ दर्शन करने हेतु पधारे।

उनको आदिनाथ भगवान की शांतिधारा अभिषेक करने का पुण्य लाभ प्राप्त हुआ इस अवसर पर उनके क्षेत्र कमेटी की ओर से अभिनंदन किया गया। भगवान के दर्शन कर वह काफी अभिभूत एवम गदगद दिखाई दिए उन्होंने अपने अनुभव को सांझा करते हुए कहा की मुझे यहां आकर बहुत ही आनंद की अनुभूति हुई है। यहां की प्रतिमा एवं यहां के स्थान की वर्गणाए इतनी पवित्र है कि यहां पर आकर रोम-रोम पुलकित हो जाता है। उन्होंने एक दिव्या चमत्कार के बारे में बताया कि मेरी उम्र काफी है लेकिन मुझे लग रहा था कि शांति धारा करते हुए मेरे हाथ कपकपाएगे आएंगे लेकिन आधे घंटे तक मुझे कुछ नहीं हुआ। और जब अभिषेक किया तो मेरी भुजाएं ऊर्जा से भर गई। उन्होंने क्षेत्र कमेटी का भी धन्यवाद दिया और यहां के प्रबंधन की भी जमकर तारीफ की मन करता है कि चातुर्मास में महीने दो महीने यही रहे। जीवन के अंतिम क्षणें और ऐसा मन करता है कि प्रभु के समीप ही रहे। यहां की वर्गणाए सचमुच बहुत पवित्र है। आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं सुधा सागर जी महाराज के आशीर्वाद तो हमें मिलते रहे हैं लेकिन भगवान आदिनाथ की प्रतिमा भुज सचमुच अद्भुत है।

## दीपावली और छठ के दौरान भी रेल यात्रियों को स्पेशल ट्रेनों में मिलेगी अधिकाधिक कन्फर्म सीट की सुविधा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 7350 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ये स्पेशल ट्रेनें 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक 2 महीनों के लिए चलाई जा रही है। हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ के अवसर पर पर कुल 06 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जिनमें दुर्गा पूजा के अवसर 02 स्पेशल ट्रेन का परिचालन (1) गोंदिया-सांतरागाछी (2) सांतरागाछी-गोंदिया के मध्य कुल 04 फेरों के लिए किया गया था।

दीपावली एवं छठ के अवसर पर भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से 04 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा, जिनमें 08895 गोंदिया - छपरा छठ पूजा स्पेशल,(02 फेरे के लिए गोंदिया से 03 एवं 04 नवंबर 2024) 08896 छपरा-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए छपरा से 04 एवं 5 नवंबर 2024) 08897 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए गोंदिया से 03 एवं 04 नवंबर 2024) 08898 पटना-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए पटना से 04 एवं 05 नवंबर 2024) शामिल है।

**दीपावली एवं छठ के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से 04 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन**

गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष दो महीने की अवधि के दौरान लगभग 7350 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जो कि प्रतिदिन लगभग 120 ट्रेनें परिचालित की जा रही है। पिछले वर्ष भारतीय रेल द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया था और इन ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे, इस वर्ष पिछले वर्ष से 64त्न अधिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जिनके माध्यम से लाखों की संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी।

जाहिर है कि हर साल दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए ये त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होते हैं।

हर साल त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ की वजह से अधिकांश ट्रेनों में दो-तीन महीने पहले से ही टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं। इसी को देखते हुए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी त्योहारों के अवसर पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

## जैन समाज मनायेगा विश्व वन्दनीय भगवान महावीर का 2551वॉ निर्वाणोत्सव 1 नवम्बर को

### राजस्थान जैन सभा द्वारा भट्टारक जी की नसियां में होगा मुख्य आयोजन, दिगम्बर जैन मंदिरों में होगें पूजा अर्चना के विशेष आयोजन

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** विश्व वन्दनीय, जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2551 वां निर्वाणोत्सव 01 नवम्बर को भक्ति भाव से मनाया जावेगा।इस मौके पर भट्टारक जी की नसियां में राजस्थान जैन सभा जयपुर द्वारा मुख्य आयोजन तथा शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होगें।

राजस्थान जैन सभा जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि मुख्य आयोजन राजस्थान जैन सभा जयपुर द्वारा नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां में होगा।

सभा के मंत्री विनोद जैन %कोटखावदा% ने बताया कि प्रातः 7:30 बजे से होने वाले इस सामूहिक आयोजन में भगवान महावीर की संगीतमय पूजा अर्चना के बाद प्रातः 9.00 बजे मंत्रोच्चार के साथ मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया जायेगा।

निर्वाण लाडू महोत्सव पर दिगम्बर जैन मन्दिरों में होंगे विशेष आयोजन- राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि 01 नवम्बर को भगवान महावीर का मोक्ष कल्याणक दिवस एवं 2551 वां निर्वाणोत्सव मनाया जावेगा।

श्री जैन के मुताबिक उत्तर पुराण में आचार्य गुणभद्र (7- 8 वीं शताब्दी) ने लिखा है कि 15 अक्टूबर, 527 बीसीई कार्तिक कृष्णा अमावस्या स्वाति नक्षत्र के उदय होने पर भगवान महावीर ने सुप्रभात की शुभ बेला में अघातिया कर्मों को नष्ट कर निर्वाण प्राप्त किया था।उस समय दिव्यात्माओं ने महावीर प्रभू की पूजा की और अत्यंत दीप्तिमान जलती प्रदीप-पंक्तियों के प्रकाश में आकाश तक को प्रकाशित करती हुई पावां नगरी सुशोभित हुई। सम्राट श्रेणिक आदि नरेन्द्रों ने अपनी प्रजा के साथ निर्वाण उत्सव मनाया।उसी समय से प्रति वर्ष महावीर जैनेन्द्र के निर्वाण को अत्यंत भाव एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया जाकर नैवेद्य (लाडू) से पूजा की जाती है।



श्री जैन ने बताया कि इसका उल्लेख प्रसिद्ध जैन ग्रंथ हरिवंश पुराण में भी हैं।जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के 256 वर्ष साढ़े तीन माह बाद महावीर का जन्म हुआ था। 72 वर्ष की उम्र के अन्त में श्री शुभ मिती कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी के अन्त समय (अमावस्या के अत्यंत प्रातः काल) स्वाति नक्षत्र में मोक्ष लक्ष्मी को प्राप्त किया।उसी समय भगवान महावीर के प्रथम गणधर श्री गौतम स्वामी को केवल ज्ञान रुपी लक्ष्मी प्राप्त हुई और देवों ने रत्नमयी दीपकों का प्रकाश कर उत्सव मनाया।

शहर के 250 से अधिक दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना एवं भगवान महावीर निर्वाणोत्सव के विशेष आयोजन होगें। श्री जैन के मुताबिक 01 नवम्बर को भगवान महावीर का मोक्ष कल्याणक दिवस एवं 2551 वां निर्वाणोत्सव मनाया जावेगा। इस मौके पर मानसरोवर के वरुण पथ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में, अग्रवाल फार्म स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर थड़ी मार्केट में उपाध्याय वृषभानन्द महाराज ससंघ के सानिध्य में, प्रतापनगर के सैक्टर 8 स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में उपाध्याय उर्जयन्त सागर महाराज के सानिध्य में, मीरा मार्ग पर स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अर्हं योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में, कीर्ति नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि समत्व सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में, दुर्गापुरा के श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि पावन सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में, बरकतनगर के श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि अर्चित महाराज के सानिध्य में, टौक रोड पर नांगल्या बीलवा के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में गणिनी आर्यिका नंगमति माताजी ससंघ के सानिध्य में विशेष आयोजन होगें तथा निर्वाण लाडू चढाया जावेगा।

श्री जैन के मुताबिक सांगानेर के श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघीजी, आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, गोपालजी का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर कालाडेरा (महावीर स्वामी), तारों की कूंट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित शहर के 250 से अधिक मंदिरों में पूजा अर्चना एवं निर्वाण लाडू चढ़ाने के विशेष आयोजन होगें। **-विनोद जैन कोटखावदा**

## व्यापार समाचार

### ‘सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024’ के विजेताओं की घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सैमसंग इंडिया ने अपने प्रमुख नेशनल एजुकेशन और इनोवेशन कॉम्पीटिशन ‘‘सॉल्व फॉर टुमॉरो’’ 2024 के तीसरे संस्करण की विजेता टीमों, इको टेक इनोवेटर और मेटल की घोषणा कर दी है। गोलाघाट, असम की इको टेक इनोवेटर टीम को स्कूल ट्रैक में कम्युनिटी चैम्पियन घोषित किया गया है, जबकि उडिपी, कर्नाटक की मेटल टीम ने यूथ ट्रैक में एनवायरनमेंट चैम्पियन का खिताब जीता है। इस प्रतियोगिता ने बड़े भारतीय शहरों से अलग दूरदराज के इलाकों तक प्रोग्राम की पहुंच को दिखाया है। इको टेक इनोवेटर ने गैर-संदूषित पीने के पानी तक समान पहुंच बनाने के लिए आइडिया विकसित किया, और इसे प्रोटोटाइप को आगे बढ़ाने के लिए 25 लाख रुपये का सीड अनुदान दिया गया है। मेटल ने भूमिगत जल से आर्सेनिक को दूर करने के लिए टेक्नोलॉजी विकसित की, और इसे आईआईटी दिल्ली में इनक्यूबेशन के लिए 50 लाख रुपये का अनुदान मिला है। जेबी पार्क, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया और शोम्बी शार्प, यूनाइटेड नेशंस रेजिडेंट को-ऑर्डिनेटर, भारत ने इन टीमों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफियां प्रदान कीं।

### उषा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने सफलतापूर्वक आईपीओ की घोषणा की, इसका लक्ष्य भारत के वित्तीय सेवा क्षेत्र में विस्तारित विकास है !

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उषा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (यूएफएसएल), एक प्रमुख आरबीआई पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी), अपनी बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए तैयारी कर रही है। यह एमएसएमई ऋण के क्षेत्र में अपनी सेवाओं का विस्तार करने की दिशा में यह एक मील का पत्थर है। हरित वित्त, और पूरे भारत में वंचित समुदायों का सशक्तिकरण। यूएफएसएल का आईपीओ 18 राज्यों और 280 जिले, जिनमें दिल्ली एनसीआर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और अन्य शामिल हैं, इनमें 20,000 से अधिक ग्राहकों को नवीन वित्तीय समाधान प्रदान करने की अपनी क्षमता को मजबूत करने में और कंपनी को अपना पूंजी आधार बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह रणनीतिक कदम हरित वित्त, विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) वित्तपोषण में कंपनी के नेतृत्व को मजबूत करेगा, जो इसकी विकास रणनीति का एक प्रमुख स्तंभ है। उषा फाइनेंशियल की सीईओ गीता गोस्वामी ने आगामी आईपीओ पर टिप्पणी करते हुए कहा कि - आईपीओ यूएफएसएल को वित्तीय अंतराल को पाटने और छोटे व्यवसायों, उद्यमियों को सशक्त बनाने के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सक्षम करेगा। इस आय से हमें अपने परिचालन को बढ़ाने, अपने भौगोलिक पदचिह्न का विस्तार करने और प्रमुख बाजारों में अपनी ग्राहक-केंद्रित सेवाओं को बढ़ाने की अनुमति मिलेगी।

### ओबीएससी परफेक्शन लिमिटेड ने 66 करोड़ रुपये के एसएमई आईपीओ की घोषणा की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2017 में स्थापित प्रीशियस मेटल मैन्युफैक्चरर ओबीएससी परफेक्शन लिमिटेड ने 22 अक्टूबर 2024 को अपना एसएमई आईपीओ खोलने की घोषणा की है। इसकी मेम्बरशिप ड्यूरेशन 24 अक्टूबर, 2024 को समाप्त होगी। एंकर अलॉटमेंट 21 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। एक शेयर का मूल्य 100 रुपए हैं। इस आईपीओ का लक्ष्य 6,602,400 इक्विटी शेयरों को बेचकर 66.02 करोड़ जुटाना है, जिसका मूल्य बैंड 95 और 100 प्रति शेयर के बीच तय किया गया है। एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्टेड ओबीएससी परफेक्शन, ऑटोमोटिव, डिफेंस, मरीन, टेलीकॉम सहित 8 देशों में उद्योगों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले इंजीनियर्ड प्रेसिजन मेटल कंपोनेंट की विविध रेंज के निर्माण में माहिर है। ऑफर डॉक्यूमेंट फाइलिंग के अनुसार, वर्तमान में इसकी ऑर्डर बुक और नामांकन 359 करोड़ रुपये का हैं। कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में कट ब्लैंक, शाफ्ट, स्प्लिन, टॉर्शन बार, पिस्टन रॉड और बहुत कुछ शामिल है, जो कई क्षेत्रो की जरूरतों को पूरा करता है। पुणे, महाराष्ट्र में तीन मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं और चेन्नई, तमिलनाडु में एक के साथ, ओबीएससी परफेक्शन ने वित्त वर्ष 22 से वित्त वर्ष 24 के दौरान 26त्न से अधिक सीएजीआर की दर से वृद्धि की है।

### धनतेरस और दीवाली का यह उत्सव ओरा फाईन ज्वेलरी के सुंदर आभूषणों के साथ मनाईये

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** धनतेरस और दीवाली पर देश का हर घर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और परंपराओं के साथ जगमगाने लगता है। रोशनी के इस त्योहार का गहरा सांस्कृतिक महत्व है, जब लोग आभूषण खरीदकर घर में सौभाग्य और समृद्धि का स्वागत करते हुए अपनी विरासत का जश्न मनाते हैं। इसलिए धनतेरस के शुभ अवसर पर ओरा फाईन ज्वेलरी द्वारा त्योहारों के लिए खास रूप से अपने सुंदर आभूषणों का विशेष संग्रह पेश किया गया है। ये सुंदर आभूषण न केवल परंपराओं को बनाए रखने की प्रतिबद्धता प्रदशित करते हैं, बल्कि आधुनिक डिज़ाईन के साथ आपका आकर्षण भी बढ़ाते हैं। इन्हें एक प्रभावशाली छवि का निर्माण करने के लिए तैयार किया गया है, जो सेक्विन साड़ी, रेशमी साड़ी, पैठणी साड़ी या त्योहारों के अन्य परिधानों के साथ पहने जा सकते हैं। ये आभूषण त्योहारों का आकर्षण बढ़ाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर देंगे। ओरा फाईन ज्वेलरी के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री दीपू मेहता ने कहा, ‘‘ओरा में हम भारत में आभूषणों के सांस्कृतिक महत्व को समझते हैं। हमारा यह नया संग्रह पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक डिज़ाईन का मिश्रण है। ये हार न केवल एक अद्वितीय कहानी कहते हैं, बल्कि सौंदर्य और व्यक्तिगत शैली का भी प्रतिनिधित्व करते हैं, जिससे त्योहारों की खुशी और उत्साह जीवंत हो उठते हैं।’’ पारंपरिक और आधुनिक शैली में बने इन नए आभूषणों के साथ ओरा का उद्देश्य अपने बहुमूल्य ग्राहकों की बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए पुराने रीति-रिवाजों को बढ़ावा देना है। धनतेरस और दीवाली पर आभूषण खरीदने की परंपरा के अनुरूप ओरा ने युवाओं के लिए विशेष योजनाएं पेश की हैं, जो इन रीति-रिवाजों में हिस्सा लेना चाहते हैं।




# इंटरनेशनल क्रश बनी एमिलिया खेर, खूबसूरती देख आप भी कहेंगे इसे तो मॉडल होना चाहिए

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वुमेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका को हराकर पहली ट्रॉफी जीती. इस जीत के बाद एक कीवी खिलाड़ी अपनी खूबसूरती के लिए सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी हुई हैं, जिनका नाम है एमिलिया खेर. जी हां, ये वही ऑलरआउंडर खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कीवी टीम को खिताबी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई. न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी एमिलिया खेर ने पूरे टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान शानदार प्रदर्शन किया. इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए चुना गया. इतना ही नहीं साउथ अफ्रीका के साथ खेले गए फाइनल मैच में भी एमिलिया ने पहले बल्ले से 43(38) रन बनाए और फिर अपने स्पेल के 4 ओवरों में 24 रन देकर 3 विकेट चटका लिए. अपने इस मैच विनिंग प्रदर्शन की बदौलत एलिमिया ने फाइनल में मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड भी जीता. 24 साल की एलिमिया ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखा सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा. मगर, उनके खेल से ज्यादा इस वक्त उनकी खूबसूरती की चर्चा हो रही है. इंस्टाग्राम पर इस क्रिकेटर के 76 हजार से अधिक फॉलोवर्स हैं. वह अक्सर अपनी अचीवमेंट की फोटोज शेयर करती रहती हैं. 24 साल की एलिमिया केर एक क्रिकेट से रिश्ता रखने वाले परिवार से आती हैं. उनके दादा ब्रूस मरे ने न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था. उनकी बहन जेस केर भी नेशनल टीम का हिस्सा हैं. ये कहना गलत नहीं होगा कि क्रिकेट एलिमिया के खून में ही है. एलिमिया खेर ने न्यूजीलैंड के लिए 74 वनडे मैचों में 2082 रन बनाने के अलावा 91 विकेट भी ले चुकी हैं. वनडे में उनका हाईएस्ट स्कोर 232* है. 85अ20द्ब मैचों में 1296 रन बनाने के साथ-साथ 93 विकेट झटक चुकी हैं.

## भारत में गोल्फ का भविष्य सुनहरा, लेकिन विकास की गति धीमी है : जॉय चक्रवर्ती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में गोल्फ का विकास बहुत धीमी गति से हुआ है। टोक्यो ओलंपिक में अदिति अशोक के चौथे स्थान पर आने के बाद इसे थोड़ी लोकप्रियता मिली, लेकिन अभी तक यह प्रमुख खेल के तौर पर अपनी जगह नहीं बना पाया है। अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ संवाददाता जॉय चक्रवर्ती के अनुसार, इस खेल में भारत में बहुत अधिक संभावनाएं हैं। जॉय ने कहा, मैंने 1990 के दशक से भारत में गोल्फ को देखा है।इसका विकास जरूर हुआ है, लेकिन इसकी गति बहुत धीमी है। दुबई में पहला गोल्फ कोर्स 1988 में बनाया गया था और अब दुबई में इनकी संख्या 12 और यूएई में 20 हैं। बहुत से अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक वहां आकर इस खेल का लुत्फ उठाते हैं। गोल्फ से पर्यटन को बढ़ावा मिलता है और रोजगार भी बढ़ता है। अगर हम एक गोल्फ कोर्स की बात करें तो अनुमान है कि इसमें करीब 500 लोग काम करते हैं और क्रिकेट स्टेडियम के विपरीत इन लोगों के लिए यह साल भर का रोजगार है। भारत में इसके लिए काफी संभावनाएं हैं। जॉय दिल्ली गोल्फ क्लब लीग (डीजीसीएल) के चौथे संस्करण में शामिल हुए थे, जो 3 अक्टूबर को दिल्ली गोल्फ क्लब में शुरू हुआ और इसमें खिताब के लिए रिकॉर्ड 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। फाइनल 26 अक्टूबर को खेला जाएगा। जॉय डीजीसीएल की विशेषता और टूर्नामेंट पर भी बात की। उन्होंने कहा, यह पेशेवर गोल्फ से बहुत अलग है। यहां एक समुदाय की भावना है, क्लब के सदस्यों में एकजुटता और अपनी टीम में योगदान देने में भागीदारी और रुचि है, इसलिए यह बहुत मजेदार है। यह देखना दिलचस्प है कि यह टूर्नामेंट कितना शानदार है। मैंने 70 वर्षीय खिलाड़ी को 21 वर्षीय खिलाड़ी के साथ खेलते देखा है। आपको पूरे साल ऐसा देखने को नहीं मिलता। सीनियर खिलाड़ी, युवा खिलाड़ी, पुरुष और महिला खिलाड़ी एक साथ खेलते हैं। मुझे लगता है कि यह सभी को बेहतर बनने के लिए प्रेरित करता है।

## न्यूजीलैंड के टी20 विश्व कप जीतने में है भारत का हाथ, सोफी डिवाइन ने ऐसा क्यों कहा?




**दुबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की टीम ने महिला टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीत लिया है। दुबई में हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर यह टीम पहली बार विश्व चैंपियन बनी है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद अब कीवी कप्तान सोफी डिवाइन ने अपनी सफलता के पीछे का रहस्य उजागर किया है। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका पर 32 रनों की जीत के साथ अपना पहला महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा कि भारत पर उनकी 58 रनों की शानदार जीत वह मैच था जिसने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में ट्रॉफी तक उनके जाने की नींव रखी। न्यूजीलैंड लगातार 10 टी20 मैच हारने के बाद टूर्नामेंट में उतरा था, लेकिन महिला टी20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए उसने अपनी क्षमता से अधिक प्रदर्शन किया। फाइनल में जीत के बाद न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने बताया, किसी एक मैच या एक लम्हे को अपनी जीत का श्रेय देना मुश्किल है। शायद इसी टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ जीत ने हमारे लिए एक शानदार मंच तैयार किया। मेरा मानना है कि पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में हुए विश्व कप के बाद हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भारत के खिलाफ ही आया था और टीम इंडिया को हराने के बाद सब कुछ सही होता चला गया। जैसा कि मैंने बताया कि इस टीम में प्रतिबद्धता और आत्मविश्वास कूट-कूट कर भरा हुआ था। हमें बस दिखाना था कि हम इतिहास रच सकते हैं। सोफी के लिए यह तीसरी बार मौका था, इससे पहले वो 2009 और 2010 में उस न्यूजीलैंड टीम का भी हिस्सा थीं जो टूर्नामेंट में उपविजेता रही थी। दुबई में 2000 महिला वनडे विश्व कप के बाद अपने दूसरे विश्व कप में जीत के साथ, सोफी को उम्मीद है कि 20 अक्टूबर की जीत भविष्य की पीढ़ियों को और अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।

## लाइफस्टाइल के नए कलेक्शन के साथ अपने फेस्टिव स्टाइल का मनाएं जश्न



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के प्रमुख फैशन डेस्टिनेशन लाइफस्टाइल ने इस सीजन के लिए अपना एक्सक्लूसिव फेस्टिव कलेक्शन लॉन्च किया है, जो आपके त्योहारों के खास पलों में स्टाइल और सोफिस्टिकेशन का एक नया तड़का लगाएगा। लाइफस्टाइल का नया फेस्टिव कलेक्शन हर किसी के लिए कुछ खास लेकर आया है। पारंपरिक और फ्यूजन एथनिक वियर की टाइमलेस अपील से लेकर आधुनिक वेस्टर्न स्टाइल्स की ग्लैमर तक, यह कलेक्शन स्टाइल और आकर्षण का शानदार मिश्रण है। इस कलेक्शन में नए डिज़ाइन वाले कुर्ता सेट्स, मॉडर्न सिल्हूट्स, बोल्ड रंग और शानदार पैटर्न्स हैं, जो फेस्टिव फैशन को एक स्टाइलिश टच देते हैं।

**फेस्टिव के लिए मौजूदा कलेक्शंस :विमेंसवियर:** नए फेस्टिव कलेक्शन में महिलाओं के लिए कई पैटर्न्स और सजीव रंगों से सजे हुए एथनिक वियर ऑप्शन की लंबी रेंज मौजूद है। फ्लोरल और बोटैनिकल्स से प्रेरित पहनने में यह आसान कुर्ते और सेट्स दिन के सेलिब्रेशन्स के लिए एकदम परफेक्ट हैं। पारंपरिक और आधुनिक एस्थेटिक्स को पसंद करने वालों के लिए, यह कलेक्शन समकालीन ब्लॉक-प्रिंट्स, अजरख से प्रेरित पैटर्न्स, और उत्कृष्ट सिल्हूट्स जैसे अनारकली, स्ट्रेट-फिट्स, कुर्ता सेट्स में सजाए गए आकर्षक डिज़ाइन्स पेश करता है, जो त्योहारों के लिए एकदम सही विकल्प हैं। जो लोग मॉडर्न स्टाइल चाहते हैं, उनके लिए यह फेस्टिव कलेक्शन आकर्षक गोल्ड और प्लेटिनम ड्रेसेस और स्टाइलिश टॉप्स पेश करता है।

## जीप ने अपडेटेड फीचर्स और नए वैरिएंट्स के साथ ऑल-न्यू 2025 मेरिडियन पेश की

**पुणे (एजेंसी)।** जीप इंडिया ने बेहतर फीचर्स और चार नए डायनामिक ट्रिम्स - लॉन्गिट्यूड, लॉन्गिट्यूड प्लस, लिमिटेड (ओ), और ओवरलैंड के साथ नई जीप मेरिडियन पेश की है। अपने साईज़ और सॉफिस्टिकेशन के लिए लोकप्रिय हुई, मेरिडियन में अब सुरक्षा, टेक्नोलॉजी, और कम्फर्ट के मामले में ज्यादा आधुनिक और अतुलनीय विशेषताएं दी गई हैं। इसकी बोल्ड रिपोज़िशनिंग के साथ अब जीप का आईकोनिक अनुभव और ज्यादा ग्राहक ले सकेंगे, जो इस ब्रांड की लीजेंडरी क्षमता और भावना का प्रतिनिधित्व करेगा। जीप इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, कुमार प्रियेश ने कहा, ‘‘जीप मेरिडियन उन ग्राहकों द्वारा प्रीमियम मॉडल की मांग को पूरा करने के लिए बनाई गई है, जिनका अनुभव जीप की श्रृंखला के साथ विकसित हुआ है। मेरिडियन भारत में जीप के एक नए चरण की शुरुआत करेगी और अपने प्रभावशाली एवं सॉफिस्टिकेटेड डिज़ाईन, प्रीमियम फिनिश तथा अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ विशेष व्यक्तित्व पेश करेगी, जो जीप की लीजेंडरी एडवेंचर क्षमताओं के अनुरूप होगा। अतिरिक्त वैरिएंट्स के साथ हम जीप को भारत में ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप विभिन्न ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए उत्साहित हैं।’’



डिज़ाईन और सॉफिस्टिकेशन : जीप मेरिडियन सौंदर्य और डायनामिज़्म का बेहतरीन संतुलन प्रदान करती है, जो जीप ब्रांड की पहचान है। इसमें यूनिफाईड हेडलैंप्स के साथ सिग्नेचर सैवन-स्लॉट ग्रिल वाहन को एक प्रभावशाली लुक प्रदान करता है। रियर सिल्हुएट और होरिज़ंटल बार इसकी टेल लाईट के सॉफिस्टिकेटेड डिज़ाईन से मेल खाते हैं, वहीं ट्रेपेज़ोयडल व्हील आर्क तथा ऊँची ग्राउंड क्लियरेंस से मेरिडियन की ऑफरोडिंग क्षमताएं और ज्यादा बढ़ गई हैं। ज्यादा सुरक्षा के लिए इसमें फुल एलईडी हेडलैंप दिए गए हैं तथा डायनामिक इंडीकेटर प्रीमियम फीचर के रूप में इसकी सुंदरता बढ़ाते हैं। रियर लाईट भी एलईडी की हैं, जिनमें सैटिन क्रोम एक्सेंट और इनोवेटिव डिज़ाईन ने वाहन की हाई-एंड की एस्थेटिक को और ज्यादा बढ़ा दिया है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा रुमियन का लिमिटेड फेस्टिवल एडिशन पेश किया

**बैंगलोर (एजेंसी)।** कार खरीदारों के लिए इस त्यौहारी सीज़न को खास बनाते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज टोयोटा रुमियन का फेस्टिव एडिशन पेश किया। इस लिमिटेड-एडिशन में एक्सक्लूसिव टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज शामिल हैं जिसका उद्देश्य रुमियन के सौंदर्य और उससे मिलने वाले आराम को बेहतर करना है। यह इस सीज़न को भव्यता और स्टाइल के साथ मनाने के लिए एकदम सही मोबिलिटी विकल्प है।

रुमियन का यह फेस्टिवल एडिशन सभी ग्रेड में उपलब्ध है और डीलर-फिटेड टीजीए पैकेज के साथ आता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहकों को प्रीमियम अनुभव मिले।

फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन के टीजीए पैकेज की विशेषताएं इस प्रकार हैं: बैक डोर गार्निश, मड फ्लैप्स , रियर बम्पर गार्निश, डीलक्स कार्पेट मैट (आरएचडी), हेड लैंप गार्निश, नंबर प्लेट गार्निश. डोर वाइज़र - क्रोम, रूफ एज़ (छत किनारे के लिए) स्पॉयलर. बॉडी साइड मोल्डिंग गार्निश फिनिश।

फेस्टिव एडिशन की पेशकश पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री सबरी मनोहर ने कहा, हम लिमिटेड-एडिशन टोयोटा रुमियन पेश करते हुए बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं। यह न केवल खूबसूरती और आराम को बेहतर करता है बल्कि बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव भी सुनिश्चित करता है। अब जब हम उत्सव के उत्साह में दीवाली की ओर बढ़ रहे हैं तो अपने ग्राहकों को असाधारण मूल्य प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता बनी हुई है। यह स्पेशल एडिशन ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है जो प्रीमियम एक्सेसरीज़, एक्सटेंडेड वारंटी और बेहतरीन आफ्टर-सेल्स सर्विस जैसी सुविधाओं के माध्यम से नयापन प्रदान किया है जो भारतीय खरीदारों की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए बारीकी से डिज़ाइन किया गया है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**

**(प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रु. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 166/159931 | Pt. Ravishankar Shukla University Raipur, Renovation Work of Internal Road Raipur (Second Charan) | रु 57.35 लाख |
| 167/159932 | Pt. Ravishankar Shukla University Raipur, Renovation Work of Internal Road, Raipur (First Charan) | रु. 71.18 लाख |
| 168/159166 | White Washing/ Colour Washing/ Distempering/Painting work at Kashiram Nagar Section And Kachana Section Under Sub Division No. 3 Nava Raipur | रु. 80.00 लाख |

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 05.11.2024 समय सायं 5.30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है.

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. मंडल क्र.-1 रायपुर (छ.ग.)

G-242503322/2

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024

## निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए उडनदस्ता दल का गठन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन किया है। इसमें संशोधित कार्यपालक मजिस्ट्रेट उप अभियंता श्री रंजीत कुमार बरवा को बनाया गया है। वहीं पर्यवेक्षणकर्ता पुलिस अधिकारी एएसआई नीलमणी साहू एवं वीडियोग्राफर आकाश प्रधान की ड्यूटी लगाई गई है। सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक ड्यूटी में रहेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### तारवानी परिवार की सभी बहुरानियो के संग सासु माँओ ने भी मनाया करवाचौथ एक साथ



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** तारवानी परिवार की बहुरानियो ने मनाया करवाचौथ एक साथ तारवानी विला जमुना देवपुरी में एक साथ मनाया सबसे पहले शाम को पूजा में शामिल हुई उसके बाद सभी ने एक साथ चाँद एक साथ देख कर पूजा की तारवानी परिवार में मुख्य रूप बहुरानियो में पलक प्रियल सुहानी मान्या दिशा हीर रीत कनिका सुरक्षा एवं भावना शामिल हुई साथ साथ उनकी सासु माँ भी शामिल हुई जिसमे मुख्य रूप से अंजना तारवानी सुषमा तारवानी शांति तारवानी एवं मनीषा तारवानी शामिल हुई।

### चक्रवाती तूफान डाना के कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली कुछ गाड़ियां चक्रवर्ती तूफान डाना के कारण प्रभावित रहेगी। **रद्द रहने वाली गाड़ियां**- गाड़ी संख्या 18478 ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस दिनांक 23 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 18477 पुरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 20807 विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस दिनांक 25 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22865 एलटीटी पुरी एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 18426 दुर्ग पुरी एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09060 ब्रह्मपुर सूरत एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22973 गांधीधाम पुरी एक्सप्रेस 22 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09059 सूरत ब्रह्मपुर एक्सप्रेस 23 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 18425 पुरी दुर्ग एक्सप्रेस 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 20823 पूरी अजमेर एक्सप्रेस 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12844 अहमदाबाद पुरी एक्सप्रेस 26 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08475 पुरी-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 25 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।



## आंजनेय विश्वविद्यालय में प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय अंतर विद्यालयीन प्रतिस्पर्धा सृजन 3.0 का शुभारंभ

**सृजन 3.0**
**खेल, खिलाड़ी और रोमांच का रंगारंग आगाज़**

### बदलाव के साथ अपने आपको बदले तभी आगे बढ़ पाएंगे : विजय कुमार खंडेलवाल

### कौशल और आत्मविश्वास का संगम है सृजन 3.0 : कुलपति




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आंजनेय विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर विद्यालयीन प्रतिस्पर्धा 3.0 का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार खंडेलवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, बदलाव के साथ अपने आपको बदलना जरूरी है, तभी आप आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने इस प्रतिस्पर्धा को एक शानदार अवसर बताते हुए कहा कि यह छात्रों को न केवल खेलों में बल्कि जीवन में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। उन्होंने प्रतिभागियों को मेहनत और अनुशासन पर जोर देने की सलाह दी और कहा कि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धाएं युवा प्रतिभाओं को निखारने और नए अवसर प्रदान करने में सहायक होती हैं। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि, तकनीक आज के जीवन का अहम हिस्सा बन गई है और यह हर क्षेत्र को प्रभावित करती है। शिक्षा, खेल या अन्य किसी भी क्षेत्र में तकनीक के उपयोग से न केवल दक्षता बढ़ती है बल्कि सफलता के नए मार्ग भी खुलते हैं।

उद्घाटन सत्र के दौरान कुलपति डॉ. टी. रामाराव ने बताया कि सृजन 3.0 का भव्य शुभारंभ हो चुका है, जिसमें खेल, खिलाड़ियों और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि दर्शकों के लिए रोमांचक अनुभव भी लेकर आया है। विभिन्न खेलों में खिलाड़ी अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन कर रहे हैं और उत्साही दर्शक इस आयोजन का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। सृजन 3.0 का उद्देश्य खेलों के प्रति जुनून को बढ़ावा देना और नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. बीसी जैन ने कहा कि प्रतिस्पर्धा में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है, जिसमें विभिन्न खेल और शैक्षिक प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना का विकास करना और शारीरिक व मानसिक दक्षता को बढ़ावा देना है।

पहले दिन 900 से अधिक छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, कबड्डी, रोबो वॉर, डिस्कस थ्रो, मॉडल मेकिंग, सिंगिंग, वॉलीबॉल, फोटोग्राफी, मेहंदी, तात्कालिक भाषण और शॉर्ट फिल्म मेकिंग जैसे इवेंट्स शामिल थे। प्रतिभागियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को साबित किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. जैस्मिन जोशी ने किया।

## डॉक्टरों के सफल उपचार से बच्चे को मिला नया जीवन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एक 40 दिन का बच्चा बहुत बीमार था। उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और उसका वजन भी कम हो रहा था। जन्म के समय उसका वजन 2.75 किलोग्राम था, लेकिन खाने में दिक्कत और सांस लेने की समस्या के कारण उसका वजन घटकर 1.8 किलोग्राम रह गया था। पहले उसे दुर्ग के एक अस्पताल में ले जाया गया था, लेकिन बाद में उसे रायपुर के एक बच्चों के अस्पताल में रेफर किया गया।

डॉ. किंजल बक्शी ने बच्चे की जांच की और पाया कि उसके दिल में एक बड़ा छेद है। दवाओं के बावजूद बच्चे की हालत में सुधार नहीं हुआ। इसलिए डॉक्टरों ने फैसला किया कि दिल में छेद को बंद करना होगा। लेकिन बच्चा बहुत छोटा था और उसका ऑपरेशन नहीं किया जा सकता था। इसलिए, डॉक्टरों ने बिना ऑपरेशन के कैथ लैब में दिल का छेद बंद करने का फैसला किया।

यह एक बहुत ही चुनौती पूर्ण कार्य था, बच्चा बहुत ही छोटा होने की वजह से उसकी धमनियां काफी छोटी थी, बच्चे के वजन के अनुसार उपयुक्त उपकरणों को रूपांतरित कर डॉक्टर किंजल बक्शी, डॉक्टर सुमंता शेखर पाढ़ी एवं डॉक्टर अरुण अंडप्पन ने मिलकर सफलतापूर्वक इस प्रोसीजर को किया। रोगी को पोषण पुनर्वास के लिए अगले दिन बाल चिकित्सा अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। बच्चा अब ठीक है उसका वजन भी बढ़ रहा है जहां तक हमारी जानकारी है यह मध्य भारत में PDA (पेटेंट डक्टस आर्टेरियोसस) प्रोसीजर वजन के हिसाब से सबसे छोटा बच्चा है।

## दीपावली पर्व : अग्निशमन व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों से संबंधित महत्वर्पण दिशा-निर्देश/ एडवाइजरी जारी की गई है। अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध सावधानी बरतने की अपील की। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामाग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दुसरे ये कत ये कम तीन मीटर की दूरी (साइड) पर एवं दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैप, गैस लैम्प, एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर कू अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नही होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्युज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिस्से शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वत: बंद हो जाए। दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाईन न गुजरी हो। प्रत्येक पटाखा दुकानों में 5 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्नि शामक यंत्र होना चाहिए। (इसकी मारक क्षमता 6 फिट की होती है) दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकान के सामने बाईक/कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ चेंबर महिला विंग एवं नारायणा एमएमआई अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में स्तन कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तन कैंसर जागरूकता के अंतर्गत छत्तीसगढ़ चेंबर महिला विंग एवं नारायणा एमएमआई अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में आज पार्षद कार्यालय, हनुमान मंदिर चैबे कॉलोनी, रायपुर में सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक नि:शुल्क स्तन जांच शिविर का आयोजन हुआ।

मधु अरोरा ने आगे बताया कि उक्त जांच शिविर में निम्नलिखित सेवाएं निरामई मशीन द्वारा नि:शुल्क मैमोग्राफी, शुगर जांच एवं ब्लड प्रेशर की जांच सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

उक्त जांच शिविर में लगभग 100 से अधिक महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज करते हुए इस नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ लिया।

इस अवसर पर पार्षद अमर बंसल जी, पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ मीरा बघेल जी, डॉ कमल वर्मा जी, रश्मि वाधवा जी, महिला चेम्बर संरक्षक आभा मिश्रा, अध्यक्ष मधु अरोरा, महामंत्री पिंकी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट, मीडिया प्रभारी इंदिरा जैन एवं विनीता शुक्ला सहित अन्य सदस्य तथा नागरिकगण उपस्थित रहे।

## जिन्हें बेकार समझकर पाट दिये, वही तालाब अब बुझा रहे फसलों की प्यास

### धमधा में विलुप्त हो चुके तालाबों के पुनर्निर्माण से हो रहा किसानों को फायदा, दर्जनों एकड़ क्षेत्र में धान की फसल की हो रही सिंचाई



**धमधा ( विश्व परिवार )।** धमधा के जिन सात तालाबों को किसानों ने अनुपयोगी समझकर पाट दिया था, उनमें खेती करने लगे थे, लेकिन अब जब उन विलुप्त तालाबों को पुनर्जीवित किया गया, तब जाकर उन तालाबों का महत्व समझ में आ रहा है। धमधा के ये सात तालाब किसानों की फसलों के लिए जीवनदायी साबित हो रहे हैं। इस साल बारिश नहीं होने से धान की फसल संकट में आ गई है। ऐसे में फिर से खोदे गए ये तालाब ही उन फसलों की प्यास बुझा रहे हैं। यह किसानों के लिए अमृत का काम कर रहे हैं।

दुर्ग जिले के ऐतिहासिक नगर धमधा को छह आगर छह कोरी तरिया यानी 126 तालाबों की नगरी के नाम से जाना जाता है। ये तालाब बौद्ध काल से गोंडवाना शासन तक धीरे-धीरे खोदे गए थे। लेकिन समय के साथ लोगों ने इसे बिसार दिया। ट्यूबवेल आने के बाद लोगों ने इन तालाबों से सिंचाई करना बंद कर दिया और ये समय के साथ पटते चले गए। धमधा के 56 से ज्यादा तालाब विलुप्त हो चुके हैं। इनमें से 36 तालाब तो आज भी सरकारी भूमि के रूप में अंकित हैं। धर्मधाम गौरवगाथा समिति ने इन तालाबों को खोज और उन्हें फिर से खोदने की पहल की, जिसके बाद शासन-प्रशासन व नागरिकों के सहयोग से अब तक सात तालाबों को पुनर्जीवन प्रदान किया जा चुका है। उनकी खुदाई करके उनमें काष्ठस्तंभ की स्थापना भी की गई है, जिसके बाद यह सबके लिए उपयोगी साबित हो रहा है। इस साल किसानों को इसकी सबसे अधिक जरूरत महसूस हुई, जब अक्टूबर महीने में बारिश नहीं होने से उनकी फसल सूखने लगी। किसानों ने फिर से खोदे गए तालाबों में मोटर पंप व डीजल पंप लगाकर पानी खींच रहे हैं और अपने खेतों में सिंचाई कर रहे हैं।

भानपुर स्थित बनफरा तालाब व कुकुरचब्बा तालाब से अशोक साहू, रोहित साहू, रमेशर साहू, रामचंद्र देवांगन ने अपने खेत में सिंचाई की है। इसके साथ ही हाथी बूढ़ान तालाब, तेली डबरी, घोड़ा बूढ़ान तालाब भी अच्छा जल संचय हुआ, जिससे जीव-जन्तु व मवेशियों के लिए पानी मिल रहा है। लोकईया तालाब और चरगोड़िया तालाब में कमल व कुमुदनी खिले हुए हैं, जिसे पूजा के लिए लोग बेचने ले जा रहे हैं। इसके अलावा तितुरघाट के चतुर्भुजी विष्णु कुंड का उपयोग श्रद्धालुओं के साथ मवेशियों के लिए हो रहा है। धर्मधाम गौरवगाथा समिति ने गोपाल व गोपालीन तालाब में भी पानी भरने के लिए खेतों से निकलने वाले पानी को डायवर्ट किया, जिसके बाद वहां जलभराव हुआ है, जिससे विजय ढीमर और बड़कू साहू के खेतों में धान की फसल के लिए सिंचाई हो रही है। इस तरह सात तालाबों के फिर से बनने से अनेक लोगों को लाभ मिल रहा है।

### 30 सरकारी तालाबों के लिए मांगी रिपोर्ट

धमधा के तीस और तालाब हैं, जो विलुप्त हो चुके हैं। परन्तु सरकारी रिकार्ड में वे तालाब या डबरी के रूप में दर्ज हैं। ये सरकारी तालाब हैं, जिनका उपयोग निस्तारी व सिंचाई के लिए किया जाता था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ऐसे तालाबों के चिन्हांकन और सीमांकन के लिए तहसीलदार श्री ताराचंद खरे ने रिपोर्ट मंगाई है, उन्होंने इसके लिए राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया है। ऐसे तालाबों को चिन्हांकित कर कब्जा मुक्त करने व फिर से तालाब बनाने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है।

**रायपुर दक्षिण उप निर्वाचन-2024**

## अब तक 10 अभ्यर्थियों ने जमा किए अपने नामांकन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत 22 अक्टूबर तक 10 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। आज निर्दलीय से नंदिनी नायक, निर्दलीय से रवि भोई, निर्दलीय से सैय्यद मुस्लीम, निर्दलीय से मो. नासीर मोहम्मद, निर्दलीय से रिजवाना, राइट टू रिकॉल पार्टी से चम्पालाल पटेल ( 3), निर्दलीय से जुगराज जगत ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। एक अभ्यर्थी राइट टू रिकॉल पार्टी से चम्पालाल पटेल ( 3) ने तीन नामांकन पत्र जमा किये। उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर (दक्षिण) उपनिर्वाचन 2024 के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर 2024 तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर के विधि विभाग के छात्रों ने केंद्रीय जेल का किया शैक्षणिक भ्रमण

**छात्रों ने कैदियों के व्यावसायिक प्रशिक्षण और अपराध एवं सजा से संबंधित विषयों का किया अवलोकन**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विधि विभाग के छात्रों ने केंद्रीय जेल रायपुर का भ्रमण कर जेल प्रशासन और अपराध एवं सजा से संबंधित विषयों का जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ अधिक समय तक जेल के प्रशासनिक अधिकारियों एवं कैदियों से वार्तालाप कर जेल की कार्यप्रलानी को समझा।

सभी छात्रों के जेल में प्रवेश के पूर्व पहचान पत्रों की गहन जांच की गई तत्पश्चात उन्हें जेल में प्रवेश करने की अनुमति दी गई। जेल के दो उप-अधीक्षकों ने जेल प्रशासन और उसके इतिहास के महत्वपूर्ण पहलुओं अवगत कराया एवं भौतिक रूप से भी छात्रों को जेल के बैरक, रसोई और आधुनिक मिलाप कक्ष का भ्रमण कराया। जेल अधिकारियों ने बताया कि जेल एक आत्म निर्भर गांव की तरह काम करता है तथा जेल में कैदियों के दैनिक उपयोग में आने वाले वस्तुओं का निर्माण कैदियों के द्वारा किया जाता है जैसे काष्ठ सामग्री, कपड़ा, सब्जी, गौशाला से दूध आदि। साथ ही अधिकारियों ने बताया कि जेल कैदियों को स्कूली शिक्षा के लिए जेल में पढ़ाया जाता है। तथा उच्च शिक्षा के लिए इग्नू के माध्यम से उनकी परीक्षाएं जेल परिसर में ही संपन्न कराई जाती है।

छात्रों को वह स्थान दिखाया गया जहां पर पूर्व में अपराधियों को फंसी पर चढ़ाया जाता था। साथ ही अधिकारियों ने बताया कि यहां पर कैदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। जेल में ही कैदियों के लिए अस्पताल, विधिक परामर्श केंद्र एवं उनकी स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए सक्षम चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध रहते है। विधि विभाग की छात्राओं को महिला जेल का भी भ्रमण महिला स्टाफ के द्वारा भी कराया गया।

इस भ्रमण में छात्रों को जेल की प्रशासनिक प्रणाली, कैदियों के पुनर्वास एवं उनके व्यावसायिक प्रशिक्षण से संबंधित, व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई।विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्रद्धा पांडेय ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य विधि छात्रों को वास्तविक रूप से आपराधिक प्रशासनिक प्रणाली के बारे में जानकारी देना था।

इस शैक्षणिक भ्रमण में विधि विभाग श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के 30 छात्रों के साथ विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्रद्धा पांडेय, सहायक प्राध्यापक श्री अभिषेक कुमार मिश्रा, श्री रेवती रमन चन्द्रा, श्रीमती शालिनी कुर्मी एवं श्रीमती रूपल अग्रवाल उपस्थित रहे। इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए विधि विभाग केंद्रीय जेल रायपुर के जेल सुपरिटेंडेंट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर का हृदयतल से धन्यवाद करता है।

## भारत-बांग्लादेश संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है अगरतला लैण्डपोर्ट



**अगरतला ( पीआईबी )।** पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर के नेतृत्व में त्रिपुरा राज्य में भारत सरकार प्रवर्तित लोक कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन एवं प्रगति के अवलोकन के साथ ही राज्य के आर्ट, कल्चर और विरासत को जानने और समझने के लिए 22 से 28 अक्टूबर, 2024 तक छत्तीसगढ़ से पत्रकारों का 14 सदस्यीय एक दल त्रिपुरा भ्रमण पर है, जिसमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया शामिल हैं ने आज अगरतला लैण्डपोर्ट का भ्रमण किया।

अगरतला लैण्डपोर्ट के मैनेजर श्री देबाशीश नंदी ने बताया कि 11.72 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ भारत और बांग्लादेश के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ अगरतला-अखौरा सीमा बिंदु पर स्थित है। इसमें दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ भारत के गलियारे का प्रवेश द्वार बनने की क्षमता है और यह भारत-बांग्लादेश संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह त्रिपुरा राज्य की राजधानी शहर के आसपास के क्षेत्र में स्थित एकमात्र लैण्डपोर्ट है, जोकि नगरपालिका क्षेत्र के भीतर है। इस लैण्डपोर्ट के माध्यम से ड्राई फिश और अर्जुन फ्लावर (ग्रास ब्रुम) निर्यात होता है और क्रश्ड स्टोन, कोयला, फ्लोट ग्लास, स्टोन चिप्स, फिश एडिबल ऑयल, घरेलू उपयोग के प्लास्टिक आइटम, टीएमटी बार्स और छोटे कृषि उपयोगी मशीनों का आयात किया जाता है।

| वर्ष | कुल व्यापार (करोड़) | कार्गो आवाजाही (संख्या) | यात्री आवाजाही (संख्या) |
|---|---|---|---|
| 2017-18 | 235.00 | 10,995 | 1,61,117 |
| 2018-19 | 356.00 | 12,073 | 2,39,468 |
| 2019-20 | 579.00 | 13,371 | 3,28,153 |
| 2020-21 | 581.36 | 11,146 | 8,499 |
| 2021-22 | 844 | 13,322 | 66,117 |
| 2022-23 | 471.77 | 7,349 | 3,16,448 |
| 2023-24 | 318 | 7273 | 3,36,678 |

इस पोर्ट के भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण, सीमा शुल्क, आप्रवासन ब्यूरो, सीमा सुरक्षा बल, वनस्पति संगरोध, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, पशु संगरोध और प्रमाणन सेवाएं, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, मानव संगरोध तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय मुख्य हितधारक हैं।

इस लैण्डपोर्ट में यात्री टर्मिनल, कार्गो बिल्डिंग, कोल्ड स्टोरेज, माल गोदाम, कैंटीन, निरीक्षण शेड, वनस्पपति संगरोध, विद्युत उपकेन्द्र, लोहे को हटाने का संयंत्र, स्वास्थ्य, पार्किंग, शिथिल कार्गो, चालक विश्रामगृह, कर रहित दुकान, सोलर प्लांट, लॉरी वजन पुल, एटीम, सुरक्षा जांच पिट, निगरानी टावर, विदेशी मुद्रा कांउटर, बीएसएफ के लिए आवास, सीसीटीवी, यात्रियों के लिए बैटरी वाहन, अग्निशमन यंत्र, सम्मलेन हॉल और जलपालन गृह जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 42 बटालियन के कमाण्डेट श्री अजय कुमार ने बताया कि बीएसएफ भारत और बांग्लादेश के मध्य लगभग 4096.7 किलोमीटर लंबे सीमा की सुरक्षा का दायित्व निभाता है।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354